

हिन्दी दैनिक

Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 14 दिन....01 | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | मुख्यमंत्री योगी ने जारी किये 1056 करोड़, मेधावियों.....01

वर्ष: 01 अंक: 353 | बदायूं, रविवार 30 जून 2024 | पृष्ठ- 06 | मूल्य- 4.00 रूपये


## केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**दिल्ली।** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पेशी के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। सुनीता केजरीवाल भी कोर्ट पहुंची है। सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेजा। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल की सीबीआई रिमांड आज खत्म हो रही थी। इससे पहले केजरीवाल को 21 मार्च को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। 26 जून को सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल को पांच दिनों तक के लिए रिमांड पर देने की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सीएम केजरीवाल को तीन दिनों के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया था। वहीं, इससे पहले शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्डिंग मामले में केजरीवाल को 20 जून को ट्रायल कोर्ट ने जमानत दी थी। जिसके बाद ईडी ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी थी।



नई आबकारी नीति मामले में आखिर होल सेल प्रॉफिट का मार्जिन 5 से 12 फीसदी बढ़ाने की जरूरत क्या थी? इस बारे में कोई अध्ययन के आधार के बिना ही ऐसा फैसला क्यों ले लिया गया? जब कोविड की दूसरी लहर पूरी पीक पर थी, तब ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि संसोधित आबकारी नीति के लिए एक दिन के अंदर ही सर्कुलेशन के जरिए कैबिनेट की मंजूरी हासिल की गई? यह तब हुआ जब साउथ लॉबी के लोग दिल्ली में ही मौजूद थे और विजय नायर के साथ मीटिंग कर रहे थे।

केजरीवाल से विजय नायर की शराब कारोबारियों के साथ मीटिंग और आबकारी नीति में मनमाफिक बदलाव की एवज में जब रिश्वत की मांग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसका भी कोई सीधा जवाब नहीं दिया। मंगूटा रेड्डी, अर्जुन पांडे और मूथा गौतम के साथ अपनी मुलाकात को लेकर भी उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। गोवा में चुनाव प्रचार के दौरान आप द्वारा 44.54 करोड़ के इस्तेमाल को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर भी उन्होने कोई सीधा जवाब नहीं दिया। अभी जांच जारी है, जांच अहम मोड़ पर है। कुछ अहम गवाहों के बयान दर्ज होने है। कुछ अहम डिजिटल सबूत अभी इकट्ठा होने बाकी है। इसलिए केजरीवाल को जेल भेजा जाए।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि जांच कैसे हो, ये तय करना एजेंसी का विशेष अधिकार है। जो तथ्य कोर्ट के सामने रखे है उसके मद्देनजर ये नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी गैरकानूनी है। हालांकि सीबीआई को अति उत्साही भी नहीं होना चाहिए। केस के तथ्य, आरोपी की बताई गई भूमिका।

## कांग्रेस का बड़ा आरोप- अदाणी समूह चीनी मदद ले रहा

### पीएम से पूछा- क्या राष्ट्रीय सुरक्षा पर विचार करेंगे?

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भारत को चीन पर निर्भरता से मुक्त करने के लिए एक रणनीति बनाने का आह्वान भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें ये तय करना होगा कि करदाताओं के पैसे से चीनी कंपनियों को लाभ न पहुंचे।



वहीं सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में जयराम रमेश ने लिखा कि नॉन-बायोजिकल प्रधानमंत्री ने 19 जून, 2020 को गलवान झड़प के बाद देश को यह कहकर बदनाम किया था कि ना कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है। हालांकि वो अपने टेम्पोवाला दोस्त की मदद के लिए चीनी कामगारों को उदारता से वीजा जारी करने में बिल्कुल भी हिचकिचाहट नहीं दिखाते हैं। अपने पोस्ट में जयराम रमेश ने उस समाचार पत्र की रिपोर्ट को भी टैग किया है, जिसमें अदाणी सोलर की तरफसे केंद्र सरकार से कुछ चीनी इंजीनियरों को लाने के लिए अनुमति मांगी गई है।

बता दें कि लोकसभा चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए पूछा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव की रैलियों में अदाणी और अबांनी को गालियां देना क्यों बंद कर दिया और क्या टेम्पो भरकर नोट उनके पार्टी के लिए पहुंचे हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के माध्यम से सबसे ज्यादा कर हासिल करने वाले अदाणी समूह ने कथित तौर पर अपनी सौर उत्पादन परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है और 30 चीनी मजदूरों के लिए वीजा जारी करने की विशेष अनुमति मांगी है। उन्होंने आगे कहा कि यह काफी बुरा है और ये रियायतें तब दी जा रही हैं, जब चीन पूर्वी लद्दाख में 2 हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा किए हुए है। उन्होंने दावा किया कि चीन से भारत का आयात 2018-19 में 70 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

## एक नजर

### कूचबिहार में महिला नेता के उत्पीड़न मामले में सीबीआई जांच की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में भाजपा की महिला नेता को प्रताड़ित किया गया है। इस मामले में महिला ने राज्य की सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर आरोप लगाया है। वहीं भाजपा ने इस पूरे मामले में सीबीआई जांच की मांग की है।

अग्निमित्रा पॉल ने इस दौरान दावा किया कि स्थानीय इकाई के अल्पसंख्यक मोर्चा की अध्यक्ष महिला को 25 जून को तृणमूल कांग्रेस के बदमाशों ने पीटा और कपड़े उतार दिए, जब वो खेत में मवेशी चरा रही थी। वहीं भाजपा महासचिव ने कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री के शासन में मां, बहन और अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली एक महिला को एक स्थानीय तृणमूल नेता और उसके सहयोगियों ने सरेआम पीटा। बता दें कि अग्निमित्रा पॉल के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल कूचबिहार के माथाभांगा इलाके में गया था। मामले में भाजपा की तरफसे आरोप लगाया कि एक महिला के खिलाफ।

## सीएम योगी ने जारी किए 1056 करोड़, मेधावियों को गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह कार्यक्रम में 88 लाख बच्चों के लिए 1056 करोड़ की राशि जारी की। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे अभिभावकों के खाते में चली गई। इसके तहत हर बच्चे को 1200 रुपये दिए गए।



इस मौके पर सीएम ने मेधावियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र छात्राओं को एक-एक लाख रुपये, टैबलेट और गोल्ड मेडल प्रदान किया और कहा कि खूब मेहनत से पढ़ाई करो। उन्होंने कक्षा एक, दो के बच्चों को किताबें दीं और उनके लिए चॉकलेट मंगवाने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों से नाम, पते और स्कूल के बारे में पूछा और कहा कि अभी आप सभी को चॉकलेट मिलेगी। पहली बार प्रदेश में कक्षा एक और दो में एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम पर किताबों का वितरण किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि कोई छात्र स्कूल से वंचित न रह जाए। हम अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें, ये देश की सबसे बड़ी सेवा है। श्रीमद्भगवतगीता में तो किसी को शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य माना गया है। उन्होंने शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों और अधिकारियों से कहा कि आप उस पवित्र कार्य से जुड़े हुए है। आपका आचरण एक शासकीय अधिकारी की तरह नहीं, बल्कि समाज के एक मार्गदर्शक के रूप में, एक शिक्षक के रूप में होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि हमारे विद्यालय इनोवेशन और रिसर्च के नए सेंटर के रूप में स्थापित हों, हमारे छात्र-छात्राओं के अंदर कठिन से कठिन चुनौतियों से जूझने का जज्बा हो, इसके लिए हम अपने आपको तैयार करें।

## बिना चेहरे के चुनाव लड़ेगा एमवीए, शरद पवार ने कहा- सामूहिक नेतृत्व ही गठबंधन का फार्मूला

**मुबंई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने की मांग को खारिज कर दिया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) का फार्मूला ही सामूहिक नेतृत्व है। ऐसे में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया जाएगा। इससे शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की उम्मीदों पर पानी फिर गया है।



शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत लगातार मांग कर रहे हैं कि अक्तूबर में होने वाले राज्य विधानसभा के चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया जाना चाहिए। राउत चाहते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को चेहरा बनाया जाए। क्योंकि बिना चेहरे के महाराष्ट्र में चुनाव लड़ना एमवीए के लिए खतरनाक होगा। लेकिन, शरद पवार ने यह कहकर उनकी हवा निकाल दी है कि कोई एक व्यक्ति हमारे मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बन सकता। शरद पवार महाराष्ट्र में एमवीए के शिल्पकार माने जाते हैं। उन्होंने ही शिवसेना और कांग्रेस को एक साथ लाकर साल 2019 में राज्य में उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। लोकसभा में अच्छे प्रदर्शन के बाद एमवीए का आत्मबल बढ़ा है। इसलिए एमवीए के नेता दावा कर रहे हैं कि विधानसभा चुनाव में 288 में से 155 सीटों पर भाजपा हारी है। इन सीटों पर एमवीए विजयी होगी और राज्य में सरकार बनाएगी।

## उत्तर पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को अगले चार से पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में श्भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने कहा कि उत्तर ओडिशा-पश्चिम बंगाल के गंगा के तटों से सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर अभी एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। विभाग ने कहा कि उत्तर-पूर्वी राजस्थान, बिहार की सीमा से लगे पूर्वी उत्तर प्रदेश और क्षोभमंड के निचले स्तरों पर उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण (सर्कुलेशन) बना हुआ है। आईएमडी ने कहा कि इन मौसमी प्रणालियों के कारण हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में 29 जून से तीन जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है। छत्तीसगढ़, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा में 29-30 जून को और बिहार में 30 जून से दो जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में अलग-अलग क्षेत्रों में बहुत बारिश का अनुमान जताया है।

## दिल्ली के बाद गुजरात के राजकोट एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर की छत ढही

**नई दिल्ली।** गुजरात के राजकोट एयरपोर्ट पर आज दोपहर बड़ा हादसा हो गया। यहां भारी बारिश के चलते राजकोट एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप और ड्रॉप एरिया में कैनोपी (छतरी) गिर गई। जुलाई 2023 में इसका लोकार्पण हुआ था। गनीमत रही की हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था। वरना दिल्ली जैसा हादसा हो सकता था।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, छत पर भरे पानी को बाहर निकालने के लिए रखरखाव कार्य के दौरान यह ढह गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

गौरतलब है, एक दिन पहले ही दिल्ली में भी ऐसा ही हादसा हुआ था। टर्मिनल-1 की छत गिरने से एक कैब ड्राइवर की जान चली गई थी। हादसे में छह लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा अचानक गिर गया था, जिसकी चपेट में आकर कई कारें दब गईं। हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय जब कारों पर लोहे के बीम गिरे तो अफरातफरी मच गई और लोग मदद के लिए चिल्लाते हुए नजर आए।



वहीं, गुरुवार को जबलपुर एयरपोर्ट का भी शेड गिर गया था। इस घटना का वीडियो शेयर करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि जबलपुर में 450 करोड़ से नवनिर्मित डुमना एयरपोर्ट का शेड पहली ही बारिश में कार के ऊपर गिर गया, जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। तीन महीने पहले ही टर्मिनल का मोदी जी ने लोकार्पण किया था। उन्होंने लिखा था कि मोदी जी की गारंटी बस तीन महीने ही टिक पाई।

मामला खमरिया थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नवनिर्मित डुमना एयरपोर्ट का ऊपरी छज्जा अचानक गिर गया था। इस दौरान वह खड़ी एक अधिकारी की कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई। नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं, इस मामले में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मुझे इसकी जानकारी अभी नहीं है। मैं सुबह से ही लगातार बैठक में हूं। लेकिन इसकी पूरी जानकारी ली जाएगी। कोई ऐसी स्थिति बनी है तो दोबारा इसकी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए दिशा-निर्देश दिया जाएगा।

गौरतलब है कि 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबलपुर में 450 करोड़ की लागत से बने डुमना नवनिर्मित एयरपोर्ट और ग्वालियर एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया था। महज तीन महीने के एयरपोर्ट का छज्जा टूटना निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

गौरतलब है कि डुमना एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग 450 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण हुआ था। इसका वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीन महीने पहले किया गया था। आयकर विभाग में किराए पर लगी गाड़ी क्रमांक एमपी-20 जेडसी-5496 सहायक आयुक्त को डुमना एयरपोर्ट में छोड़ने गई थी। ड्राइवर ने गाड़ी को गो एंड डॉप एरिया में खड़ी की थी। अधिकारी को छोड़ने के लिए सभी एयरपोर्ट के अंदर चले गए थे। पूर्वान्ह 11.30 बजे फ्रेबिक शेड कार पर गिर गया, जिसके कारण कार का ऊपरी हिस्सा व कांच पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।




# जमीन के टुकड़े की खातिर मिट्टी में मिल गया दो परिवारों का रसूख

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बरेली।** जिले में जमीन के एक टुकड़े पर कब्जे को लेकर प्रॉपर्टी डीलर राजीव राना और आदित्य उपाध्याय का रसूख मिट्टी में मिल गया। प्रॉपर्टी के काम से दोनों ने थोड़े ही वक्त में काफी नाम और धन कमाया। दोनों विवादित भूखंडों को सस्ते में खरीदकर कब्जा करने के बाद महंगे दाम पर बेचते थे।



इस बार दांव उल्टा पड़ा तो उनकी अपनी संपत्तियां ताश के पत्तों की तरह बिखर गईं। जिस प्लॉट की खातिर 22 जून को गोलीकांड हुआ, वह पीलीभीत बाइपास पर स्थित होने के कारण बेशकीमती है।

दोनों गुटों की नजर इस प्लॉट पर थी। प्लॉट को लेकर एक डॉक्टर और हिस्ट्रीशीटर भी आमने-सामने आ गए थे। लंबे समय तक दोनों में खींचतान चली थी। डॉक्टर ने प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की थी, लेकिन आखिर समय में मामला बिगड़ गया था। जब हिस्ट्रीशीटर को प्लॉट छिनने का अंदेशा हुआ तो उसने आदित्य को आगे कर दिया। वहीं, डॉक्टर ने थक हारकर राजीव राना के हाथ कमान सौंप दी। इसके बाद दोनों रसूखदार प्लॉट को लेकर एक-दूसरे के खून के प्यासे हो गए।

इस प्लॉट पर विवाद बढ़ा तो राजीव पक्ष ने आदित्य पक्ष पर पहले भी एक मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे में पुलिस सख्ती नहीं बरत पाई, क्योंकि दोनों पर ही सत्ताधारी नेताओं का हाथ था। इसके बाद राजीव ने पुलिस से सेटिंग कर प्लॉट को छीनने की योजना बनाई। दोनों गुटों ने पुलिस को चुनौती देते हुए गोलीकांड कर शहर को दहला दिया। बीच सड़क पर अंधाधुंध फायरिंग की थी।

अपने रसूख के घमंड में चूर होकर शहर की कानून-व्यवस्था को मिट्टी में मिलाने वाले दोनों गुटों पर पुलिस ने शिकंजा कसा तो उनका रसूख ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। पुलिस ने बुलडोजर कार्रवाई के जरिये दोनों के रसूख को मिट्टी के ढेर में तब्दील कर दिया। दोनों गुटों के लोगों में कार्रवाई को लेकर दहशत है। वहीं, शहर के लोगों में इस बात की खुशी है कि भविष्य में दूसरे माफिया इस तरह की हिमाकत करने से पहले सौ बार सोचेंगे।

## कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**हाथरस।** रात्रि में पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल द्वारा पुलिस लाईन स्थित जिला प्रशिक्षण इकाई में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ जनपद में शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखनेध्अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराध गोष्ठी का आयोजन कर उपस्थित पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ डा.आनंद कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर राम प्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी लाइनध्यातायात श्री हिमांशू माथुर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राजकुमार बाजपेयी एवं जनपद के समस्त थाना प्रभारी व शाखा प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# साइबर हिंसा के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हाथरस।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा महोदया द्वारा महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद, परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरुकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति फेस-०2 अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक हाथरस निपुण अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति फेस-०2 के अन्तर्गत समस्त थानों की ऑपरेशन जागृति टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों, पंचायतों पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में



जानकारी देते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया जा रहा है। जिसके क्रम में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पवलोई में ऑपरेशन जागृति फेस-०2 के अन्तर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम की महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं व उनके अभिभावकों, ग्राम के सम्मानित व्यक्तियों व अन्य ग्रामीणों द्वारा काफी संख्या में भाग लिया गया। महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों के दुरूपयोग व फॉल्स केसेस के बारे में बताया गया।

# दो जुलाई को सीबीआई कोर्ट सुनाएगी सजा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** बसपा सरकार में परिवार कल्याण विभाग के दो सीएमओ डॉ. विनोद कुमार आर्या और डॉ. बीपी सिंह की हत्या के मामले में सीबीआई अदालत के विशेष न्यायाधीश अनुरोध मिश्रा ने मुख्य शूटर आनंद प्रकाश तिवारी को दोषी करार दिया है। वहीं, दूसरे शूटर विनोद शर्मा और साजिशकर्ता रामकृष्ण वर्मा को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया है।



अदालत आगामी 2 जुलाई को आनंद प्रकाश तिवारी को सजा सुनाएगी। बता दें कि बसपा सरकार के दौरान अक्तूबर, 2०1० में विकास नगर इलाके में रहने वाले सीएमओ, परिवार कल्याण डॉ. विनोद आर्या की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

इसके छह माह बाद 2 अप्रैल 2०11 को गोमतीनगर में परिवार कल्याण के सीएमओ बीपी सिंह की हत्या भी अज्ञात शूटरों द्वारा कर दी गयी। दो सीएमओ की हत्या से सरकार सकते में आ गयी और मामले की जांच एसटीएफको सौंप दी गयी। एसटीएफ ने इस मामले में कई आरोपियों को पकड़ा, लेकिन विपक्ष के दबाव में मामला सीबीआई के हवाले करना पड़ा गया।

सीबीआई ने लंबी जांच के बाद दोनों सीएमओ की हत्या करने वाले आनंद प्रकाश तिवारी, विनोद शर्मा और साजिशकर्ता आरके वर्मा को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि डिप्टी सीएमओ वाईएस सचान ने दोनों सीएमओ की हत्या करायी थी। इस मामले में वाईएस सचान को गिरफ्तार किया गया था, जिनका 22 जून 2०11 को लखनऊ जेल के शौचालय में संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ था।सीबीआई ने वाईएस सचान द्वारा आत्महत्या करने की क्लोजर रिपोर्ट अदालत में पेश की थी।

हालांकि अदालत इस मामले की पुनर्विवेचना का आदेश दे चुकी है। जांच में सामने आया था कि वाईएस सचान ने डॉ. विनोद आर्या की हत्या कराने के लिए 5 लाख रुपये और डॉ. बीपी सिंह की हत्या कराने के लिए 5 लाख रुपये में सौदा किया था। सीबीआई ने आनंद प्रकाश तिवारी को गिरफ्तार करने के बाद उसके पास से बरामद दोनों पिस्टल और घटनास्थल से मिले खोखे की फोरेंसिक जांच के बाद पूरे मामले का खुलासा किया था। कोर्ट में चल रही सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्य शूटर आनंद प्रकाश तिवारी को दोषी करार दिया है। बता दें कि इस मामले में सीबीआई ने लखनऊ के पूर्व सीएमओ डॉ. एके शुक्ला को भी गिरफ्तार किया था।

## रोडवेज बस और ऑटो की भिड़ंत में तीन की मौत

**उन्नाव।** जिले के गंजमुरादाबाद में कानपुर जा रही हरदोई डिपो की बस की टक्कर से ऑटो सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत गंभीर है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर गंजमुरादाबाद कस्बे के मरी कंपनी मोड़ पर हरदोई से कानपुर जा रही रोडवेज बस और मल्लावां जा रहे ऑटो में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के वक्त ऑटो एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक कर रहा था और मोड़ की वजह से सामने से आ रही बस को देख नहीं पाया।

तेज टक्कर लगने से ऑटो के परखच्चे उड़ गए और ऑटो में बैठे हरदोई के मल्लावां थाना के गंजजलालाबाद निवासी सुनील मल्लावां निवासी लक्ष्मण और बांगरमऊ के पम्पापुर गांव निवासी श्रीकष्ण की मौत हो गई। वहीं, बल्लापुर निवासी ऑटो चालक रामचंद बांगरमऊ कस्बा के मुन्नू मियां तलैया निवासी बबलू और बेहटामुजावर थाना क्षेत्र के जोगीकोट निवासी रामसनेही गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# घर में अकेली युवती की गला रेतकर हत्या

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की देर रात घर में अकेली सो रही युवती की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। शव की हालत देखकर दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।मूल रूप से रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शख्स कैंट थाना क्षेत्र में अपनी ससुराल में रहते थे।



उनकी पत्नी की वर्ष 2०11 में और उनकी 2०12 में मौत हो चुकी है। उनकी दो बड़ी बेटियों की शादी हो चुकी है। 22 वर्षीय तीसरी बेटी घर में अकेली रहती थी। वह सिलाई-कढ़ाई करके जीवन यापन करती थी। शुक्रवार की सुबह 11 बजे गांव की एक युवती अपने सिले हुए कपड़े लेने के लिए उसके घर गई तो अंदर का दृश्य देखकर चीख पड़ी।

उसका रक्तरंजित शव अर्धनग्न हालत में बरामदे में ही पड़ा था। इससे युवती के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई गई। सूचना पर अन्य ग्रामीण भी पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

एसएसपी राजकरन नय्यर ने भी फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि धारदार हथियार से गला रेतकर युवती की हत्या की गई है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का जायजा लिया है। अभी तक स्पष्ट रूप से किसी का नाम प्रकाश में नहीं आया है। दुष्कर्म की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी। पुलिस ने युवती का मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया है। सर्विलांस टीम सीडीआर खंगाल रही है। इससे कई अहम सुराग भी मिलने के दावे किए जा रहे हैं। इसी आधार पर जांच की दिशा आगे बढ़ रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ब्रेकरी में नौकरी करने से लेकर सिलाई-कढ़ाई सीखने तक के दौरान संपर्क में आए कई लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

इनमें भी कुछ संदिग्ध बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि बृहस्पतिवार को दिन में युवती सामान्य देखी गई थी। उससे मिलने-जुलने वाले भी आए थे। पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में लिया है। इस बात की भी पड़ताल की जा रही है कि उसे अकेला समझकर मोहल्ले या कोई अन्य व्यक्ति उस पर बुरी नीयत तो नहीं रखे था। मृतका कैंट थाना क्षेत्र की बेकरी शॉप में भी नौकरी कर चुकी है। पिछले कुछ समय से वह घर पर ही रहती थी और सिलाई-कढ़ाई करके खुद का भरण-पोषण करती थी।

# फायरिंग मामले में पूर्व विधायक के भाई पर कार्रवाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बरेली।** जिले के पीलीभीत बाइपास पर 22 जून को प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुए फायरिंग के मामले में कार्रवाई जारी है। बृहस्पतिवार को मुख्य आरोपी राजीव राना के होटल और मकान पर बीडीए का बुलडोजर चला था। इसके अगले दिन दूसरे गुट के आदित्य उपाध्याय के रिसॉर्ट को गिराया गया।



अब फायरिंग के मामले में नामजद भाजपा के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फपप्पू भरतौल के भाई रमेश पर कार्रवाई की गई है। शनिवार को भारी पुलिस फोर्स के साथ बीडीए की टीम रमेश के लक्ष्य रिसॉर्ट पर पहुंची। रिसॉर्ट का ताला खुलवाकर पहले चेक किया गया। इसके बाद बीडीए की टीम ने रिसॉर्ट को सील कर दिया। बताया जा रहा है कि यह रिसॉर्ट बीडीए के मानकों के विपरीत बनाया गया है। इस पर भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो सकती है।प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुई फायरिंग के मामले में अभी सिर्फ मुख्य आरोपी राजीव राना और दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय के किले ढहाए गए हैं।

पूर्व विधायक समेत 14 लोगों की संपत्तियों की जांच चल रही है। इसमें कितनों के किले ढहाए जाएंगे, इस पर संशय बना हुआ है। बीडीए के अधिकारियों के मुताबिक घटना में शामिल सभी आरोपियों की संपत्ति की जांच चल रही है। पूर्व विधायक पप्पू भरतौल व अन्य की संपत्तियों का ब्योरा खंगाला जा रहा है। अवैध निर्माण पाए जाने पर उनका ध्वस्तीकरण कराया जाएगा।

राजीव राना गुट के केपी यादव का नाम इस कड़ी में सबसे आगे है। केपी ने ही राजीव राना से प्लॉट पर कब्जा करने का ठेका लिया था। गुंडों को जुटाने के लिए 3० लाख तक के सौदे की बात सामने आ रही है।

## इस्त्राइल ने राफा में की बमबारी

**इजराइल।** गाजा के सबसे दक्षिणी शहर पश्चिम राफा में बृहस्पतिवार रात को इस्त्राइल ने विस्थापितों के तंबुओं पर बमबारी कर दी। हमले में करीब 11 फलस्तीनियों की मौत हो गई। वहीं, 4० से अधिक अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, फलस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने इस्त्राइली बमबारी के बारे में शुक्रवार को जानकारी दी। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इस्त्राइली टैंकों ने अल-मवासी इलाके में तंबुओं पर गोले दागे और गोलियां भी चलाई गईं, जिसके चलते तंबुओं में मौजूद विस्थापितों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी का किया निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र अलीगढ़ पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी का पूरा कैंपस बनकर तैयार है। इससे उम्मीद दिखने लगी है कि जल्दी ही छोटे से कैंप कार्यालय से यूनिवर्सिटी अपने कैंपस में पहुंच जाएगी।



दिल्ली से सुबह 8 बजे चलकर बारिश के बीच ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र सुबह 11 बजे अलीगढ़ पहुंचे। सर्किट हाउस पर कुछ समय रूकने के बाद वह लोधा स्थित निर्माणाधीन राजा महेंद्र प्रताप सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी के निरीक्षण को पहुंचे। वहां पर उन्होंने यूनिवर्सिटी कैंपस के निर्माण को लेकर वीसी, प्रशासन और निर्माणदायी संस्था के साथ समीक्षा बैठक की।

इस दौरान यूनिवर्सिटी वीसी प्रो चंद्रशेखर, कमिश्नर चौत्री वी, डीएम विशाख जी, सीडीओ आकांक्षा राना आदि मौजूद रहे। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राजा महेंद्र प्रताप राज्य विश्वविद्यालय में बन रही लाइब्रेरी, प्रयोगशालाओं व अन्य कक्ष-भवनों का निरीक्षण किया। उसके बाद मुख्य सचिव ने यूनिवर्सिटी परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही डीएम व कमिश्नर चौत्रा वी ने भी पौधारोपण किया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र स्मार्ट सिटी के अंतर्गत जवाहर पार्क, कल्याण सिंह हेबिटेट सेंटर, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, अचल ताल के सौन्दर्यीकरण आदि कार्यों का निरीक्षण और समीक्षा करेंगे।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि विवि कैंपस की 99 प्रतिशत प्रगति देखी है। पूरा कैंपस बनकर तैयार है। एकेडमिक, एडमिनिस्ट्रेटिव, फैसिलिटी ब्लॉक, हॉस्टल, वीसी समेत अन्य विवि कर्मचारियों के आवास सारा लगभग बनकर तैयार है। अलीगढ़ की पूर्व सांसद शीला गौतम के परिवार ने विवि को सेंटर ऑफ लर्निंग के नाम से तोहफा दिया है, जहां लाइब्रेरी और वाचनालय है। यह भी लगभग बनकर तैयार है।

# घर के अंदर सो रहे किसान को मारी गोली

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** प्रदेश के गोसाईंगंज के पहासा गांव में शुक्रवार देर रात घर में सो रहे किसान को अज्ञात बदमाश ने गोली मार दी। गनीमत रही कि बुलेट किसान के सिर में दाहिने तरफ छूते हुए निकल गई। परिजन घायलावस्था में सरकारी एंबुलेंस से उसे पहले सीएचसी गोसाईंगंज लेकर पहुंचे। इसके बाद ट्रामा सेंटर ले गये। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।



शनिवार सुबह थाने पहुंचे किसान ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने किसान की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ जान से मारने के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस को मौके से एक कारतूस बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक गोसाईंगंज ब्रजेश त्रिपाठी के मुताबिक बाराबंकी जिले के लोनी कटरा क्षेत्र के रबड़रिहा के मूल निवासी किसान सहजराम पिछले 4० वर्षों से गोसाईंगंज के पहासा स्थित अपनी ससुराल में परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार रात वह घर के अंदर सीढ़ियों के पास कमरे में सो रहे थे।

किसान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि देर रात करीब दो बजे किसी ने उनपर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली इनके सिर के दाहिने तरफ छूते हुए निकल गई और वह बाल बाल बच गये। हालांकि बगल में दूसरे बेड पर सो रही पत्नी गंगाजली और ऊपर कमरे में दो मासूम बच्चियों के साथ सो रही बड़ी बहू पूजा को गोली चलने की आवाज नहीं सुनाई दी। सहजराम के चिल्लाने पर पत्नी की आंख खुल गई।

सिर से खून बहता देख वह घबरा गईं और पूर्व प्रधान अशोक पाल को फोन कर मदद मांगी। अशोक एंबुलेंस से उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर भेज दिया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद हालत खतरे से बाहर होने के चलते इनको मेडिकल कॉलेज से घर भेज दिया गया।

पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की सूचना दी। वारदात की सूचना पाकर इंस्पेक्टर गोसाईंगंज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की। पड़ताल के दौरान मौके से एक कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने परिजनों और पड़ोसियों से बातचीत कर घटना की जानकारी की। किसान पर गोली किसने और क्यों चलाई। पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है।एडीसीपी साउथ शशांक सिंह ने बताया कि किसान पत्नी के साथ घर के अंदर सीढ़ियों के पास खुले कमरे में सो रहा थे। आशंका है कि छत के रास्ते घुसे किसी आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया है।

## बहस के बाद ओबामा ने दी प्रतिक्रिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने गुरुवार को डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच हुई राष्ट्रपति पद की बहस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं, ये बुरी बहस वाली रातें होती हैं। ओबामा ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, यह चुनाव ऐसे व्यक्तियों के बीच है, जिसने पूरी जिंदगी आम लोगों के लिए संघर्ष किया है और जो केवल अपनी परवाह करता है। यह चुनाव सच और जूठ बोलने वाले व्यक्ति के बीच है, जो गलत और सही को जानता है और अमेरिकी लोगों को इसका सीधा लाभ देगा। ऐसा व्यक्ति जो अपने फायदे के लिए झूठ बोलता है। पिछली रात इसमें कोई बदलाव नहीं आया और यही कारण है कि नवंबर में इतना कुछ दांव पर लगा हुआ हैबता दें कि, 3 अक्तूबर, 2०12 में ओबामा खुद अपने प्रतिद्वंदी मिट रोमनी के खिलाफ पहली बहस में संघर्ष करते दिखे थे।

# दो बदमाशों ने किया था पांच साल के बच्चे का अपहरण, तीन लाख में कर रहे थे सौदा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बदायूं।** जिले के जरीफनगर इलाके से पांच साल के बालक संजय का अपहरण करने वाले बदमाश अमरोहा और संभल जिले के निकले। उन्होंने बालक को बेचने के उद्देश्य से उसका अपहरण किया था। बदमाश करीब तीन लाख रुपये में उसका सौदा भी कर रहे थे। खरीदार केवल दो लाख रुपये दे रहा था, जिससे सौदा नहीं हो पाया। तब तक पुलिस बालक को तलाश करती हुई अमरोहा पहुंच गई।



पुलिस ने अपहरण के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ कर रही है। जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव समसपुर मलिकपुर फत्ता निवासी महाराम के पुत्र संजय का 26 जून की दोपहर करीब दो बजे अपहरण हो गया था। वह अपने भाइयों और पड़ोस के बच्चों के साथ गांव के नजदीक नदी के पुल पर खेल रहा था। उसी समय बाइक सवार दो बदमाश उसे ले गए थे। तब से पुलिस उसको तलाश कर रही थी। शुक्रवार शाम तक उसकी आखिरी लोकेशन बुलंदशहर जिले में मिली थी। देर रात पुलिस को इसमें सफलता मिल गई।

बालक अमरोहा जिले में मिला। अपहरण करने वाले बदमाश बालक को खाने की चीज दिलाने का लालच देकर ले गए थे। उसे कहीं डराया या धमकाया नहीं था। उसे सब्जी से रोटी खिलाई थी। मासूम बालक को यह महसूस ही नहीं हुआ कि उसका अपहरण किया गया है और उसका सौदा किया जा रहा है। पुलिस ने अपहरण के संभल जिले के बहजोई निवासी नेत्रपाल पकड़ा गया है। अमरोहा जिले के डिडौली का राहुल फरार है। यह मुख्य आरोपी है। पुलिस राहुल और बालक का सौदा करने वाले की तलाश में जुटी है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

# डीएम के अध्यक्षता में संपन्न हुई श्रावण मास कांवड़ यात्रा की बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में श्रावण मास कावड़ यात्रा के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह गंभीरतापूर्वक व टीमवर्क के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा व बिना अनुमति के कोई भी भंडारा आयोजित नहीं होगा। उन्होंने बताया कि श्रावण मास 22 जुलाई से प्रारम्भ होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा विभाग के अधिकारी कावड़ यात्रा के दौरान खाद सामग्री का नियमित रूप से परीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्युत सुरक्षा विभाग के अधिकारी प्रत्येक विद्युत पोल पर प्लास्टिक लगाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रवण यात्रा को सफल बनाने के लिए वालंटियर नियुक्त किए जाएं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी सूचना तंत्र को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि श्रावण मास को श्रवण मेला के रूप में मनाएं। उन्होंने कहा कि श्रावण एक माह चलेगा, जिसमें पांच सोमवार पड़ेगे।

जिलाधिकारी ने पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, शिविर व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा, साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आज भी खुलेगा उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष-2024-25 के माह जून के राजस्व की शतप्रतिशत प्राप्ति हेतु 30 जून 2024 को कार्यालय खुला रहेगा। उन्होंने अनुरोध किया है कि जिनके वाहनों पर टैक्स बकाया है वह 30 जून 2024 (रविवार) को कार्यालय में उपस्थित होकर अपना टैक्स जमा कर सकते है।

### 01 से 03 जुलाई तक सत्यापन हेतु तीन दिवसीय कैम्प का होगा आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने केवल नगर क्षेत्र बदायूँ के पेंशनरों को जानकारी देते हुए अवगत कराया कि निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन), वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत कि नगर पालिका परिषद बदायूँ स्थित कम्यूनिटी हॉल में 01 से 03 जुलाई 2024 तक (दिन सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार) सत्यापन हेतु तीन दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समस्त नगर क्षेत्र बदायूँ के पेंशनर अपनी बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पति का मृत्यु प्रमाण पत्र (केवल विधवा पेंशनर) की छायाप्रति को नगर पालिका परिषद बदायूँ के कम्यूनिटी हॉल में जमा करें। यदि किसी भी महिला/पुरूष/दिव्यांग के द्वारा कैम्प में उपस्थित होकर प्रपत्र नहीं उपलब्ध कराये गये तो वह स्वंय जिम्मेदार होगें।

### जिला जज ने डीएम-एसएसपी के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया



**हाथरस।** निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक ने विचाराधीन पुरूष एवं महिला बंदियों से वार्ता की और उनके हिस्ट्री टिकटों को देखने के साथ ही उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनने के उपरान्त उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिये। मो जनपद न्यायाधीश, सतेन्द्र कुमार ने वरिष्ठ अधीक्षक से जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों के सम्बन्ध में जानकारी करने पर वर्तमान में जनपद हाथरस से सम्बन्धित कुल 777 बन्दी निरूद्ध है, जिनमें 737 पुरूष तथा 27 महिलाएं एवं (18 से 21 वर्ष से कम आयु के बन्दी) 13 है। निरीक्षण के समय कारागार में निरूद्ध बंदियों से उनकी तारीख पेशी एवं भोजन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी की गयी तथा बन्दियों से आज के भोजन के बारे में भी पूछा गया। इसके अतिरिक्त बीमार निरूद्ध बन्दियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में एवं उनको दी जाने वाली दवाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली गयी। निरीक्षण के दौरान बन्दियों से विधिक सहायता के बारे मे पूछा गया तो बन्दियों द्वारा ने बताया कि उन्हें विधिक सहायता मिल रही है। जनपद न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक ने चिकित्सालय, पाठशाला, रसोईघर एवं बन्दियों की बैरिकों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मो जनपद न्यायाधीश ने बंदियो से कहा कि यदि किसी बंदी के पास पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है तो वह जेल अधीक्षक के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित कर नि:शुल्क सहायता प्राप्त कर सकते हैं। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक ने पाठशाला में अध्ययनरत महिला बंदियों के बच्चों को बिस्कुट, चिप्स व चॉकलेट्स वितरित किए। निरीक्षण के समय मो जनपद न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक अलीगढ़ को माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# निरीक्षण कर जाना निरुद्ध बंदियों का हाल



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ शिव कुमारी द्वारा बीते दिन को राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) बरेली एवं राजकीय महिला शरणालय बरेली का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) बरेली में निरूद्ध बन्दियों से जानकारी प्राप्त करने पर उन्होंने बताया गया कि कोई समस्या नहीं है।

इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान जगह-जगह पानी भरा हुआ पाया गया, साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं पायी गयी पाकशाला एवं समस्त बैरिकों में निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु सहायक अधीक्षक राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) बरेली को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में राजकीय महिला शरणालय बरेली निरीक्षण के दौरान कुल 102 संवासिनियां निरूद्ध हैं एवं जनपद बदायूँ की 01 संवासिनी शरणालय में निरूद्ध है। राजकीय महिला शरणालय बरेली में वर्तमान में निरूद्ध संवासिनी जिसके द्वारा कोई समस्या नहीं बतायी गयी। सहायक अधीक्षिका राजकीय महिला शरणालय बरेली को भी पाकशाला एवं समस्त बैरिकों में निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** एक जुलाई से प्रारम्भ होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन के सम्बंध में कलेक्ट्रेट में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मनोज कुमार अधिकारियों को परस्पर समन्वय व टीमवर्क के साथ कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने ब्लॉक व तहसील स्तर पर संबंधित अधिकारियों व कर्मियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा व एएनएम का प्रशिक्षण भी समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी में अभियान के सम्बंध में आयोजित द्वितीय अन्तर्विभगीय बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रचार प्रसार कर जनसहभागिता के साथ अभियान को सफल बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कार्मिक अपने दिए गए दायित्वों का भली प्रकार अध्ययन कर उसका सफलतापूर्वक सम्पादन भी करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने डाटा एंट्री और डाटा मैनेजमेंट पर जोर देते हुए कहा कि बिना डाटा एंट्री के कोई भी कार्य पूर्ण नहीं माना जाएगा। यह अत्यंत आवश्यक है इसलिए अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० अब्दुल सलाम ने का बताया कि आगामी 01 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा इसमें विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई से दस्तक अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई से 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधी विभाग अधिकारी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मरीज की मौत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** मेडिकल कॉलेज संभल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई मृतक के परिजनों ने मेडिकल कॉलेज परिसर में काटा हंगामा मौत की सूचना पर सदर कोतवाली संभल पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और बड़े ही मुश्किल से मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर कर शांत किया थाना सदर कोतवाली क्षेत्र के मृतक सुनील पुत्र चंपत सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी ग्राम तिगरी थाना संभल को शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे अचानक पेट में दर्द उठा तो मृतक सुनील को लेकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई परिजनों ने डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए बताया कि मेडिकल के डॉक्टरों की लापरवाही से मृत्यु हुई है अगर डॉक्टर समय रहते मृतक सुनील की देखभाल कर लेते तो शायद जान नहीं जाती और उन्होंने कहा कि मृत्यु होने के बाद मरीज को रैपर किया है और दूसरी जगह दिखाने को कहा और डॉक्टर के स्टाफ द्वारा हमारे साथ मारपीट भी की गई मौत की सूचना पर थाना सदर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और परिजनों को समझा बुझाकर कर शांत किया मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर आनंद कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि मैं दूसरे कमरे में मरीज का ऑपरेशन करने गया था लेकिन मैंने आकर देखा तो मरीज ठीक था फिर मैंने मरीज को रेफर कर दिया उसके बाद मरीज के परिजन दोबारा वापस लेकर आए हैं।

# चोरों ने बंद घरों को बनाया निशाना, नकदी-जेवर समेत काफी सामान चोरी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिले के बिल्सी कस्बे के मोहल्ला नंबर आठ में शुक्रवार रात चोरों ने दो मकानों को निशाना बना लिया। चोर दोनों घरों से करीब 2.50 लाख रुपये का सामान चोरी करके ले गए। दोनों मकान में रहने वाले परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। वे शनिवार सुबह घर लौटे तो उन्हें घटना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव बांस बरौलिया निवासी विकास माहेश्वरी और खौसारा निवासी सुरेश चंद्र शर्मा कस्बे के मोहल्ला नंबर आठ में रहते हैं। वह अपने-अपने मकानों में ताला लगाकर गांव चले गए थे। वह सुबह लौट कर आए तो उनके घरों के ताले टूटे मिले।

चोर विकास माहेश्वरी के घर से 20 हजार की नकदी और जेवर समेत करीब एक लाख रुपये का सामान चोरी करके ले गए। वहीं सुरेश के घर से 25 हजार की नकदी समेत एक लाख से अधिक रुपये का सामान चोरी हुआ है। दोनों पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# रात में छत पर सोया था युवक, संदिग्ध हालात में नीचे गिरने से मौत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नेकपुर मोहल्ले में बीती रात 25 वर्षीय युवक संत कुमार उर्फसंजय की छत से गिरकर मौत हो गई। उसके परिवार वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नेकपुर मोहल्ले में गली नंबर सात निवासी संत कुमार उर्फ संजय घर में अकेला रह रहा था। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी शाहजहांपुर चली गई थी। वह मूलरूप से कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव हरीनगला का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक रात करीब 12 बजे युवक छत से गिरा था। उसकी मौके पर मौत हो गई थी।

जब घटना की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो घर की छत के जीने का दरवाजा ऊपर से बंद था। उसका मोबाइल फोन और कपड़े भी वहीं रखे मिले लेकिन परिवार वाले उसकी हत्या का आरोप लगा रहे हैं। यह भी बताया जा रहा हे कि उसके मकान को लेकर विवाद चल रहा था। मकान उसकी मां ने छोटे भाई के नाम कर दिया था लेकिन कब्जा संत कुमार का था। पुलिस ने मामले की छानबीन कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाये मकान व दुकानें, राजस्व टीम ने की नपत

## तहसीलदार ने कार्यवाही हेतु नोटिस जारी करने के दिए निर्देश



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** सरकारी जमीन पर सालों से अवैध रूप से दुकानें व मकान बनाकर कब्जा कर रखा है। जिसकी शिकायत मिलने पर तहसील प्रशासन राजस्व टीम जांच करने हेतु मौके पर पहुँचते ही अवैध कब्जा धारियों में हड़कम मच गया। राजस्व टीम ने सरकारी अभिलेखों के अनुसार मिली शिकायत आधार पर नपत की जिस दौरान लगभग दो दर्जन लोगों ने जिला पंचायत की सरकारी जमीन पर कब्जा कर दुकानें व मकान बना लिए है। बिसौली तहसील प्रशासन द्वारा सम्बंधित अधिकारी को कार्यवाही हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

प्रमोद पुत्र मिहीपाल कस्बा बजीरगंज निवासी द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया गया कि 263 गाटा संख्या 0.089 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से भूमाफिआओं द्वारा कब्जा कर रखा है। जिसकी शिकायत मिलने पर विजय शुक्ला तहसीलदार ने निर्देशानुसार राजस्व टीम पुलिस प्रशासन के साथ जांच करने मौके पर पहुंची और नपत करने पर हुई जानकारी के मुताबिक विशाल पुत्र अरविंद, नरेंद्र कुमार पुत्र बिशम्ब दयाल, विनोद कुमार पुत्र मिलाल, रामअवतार पुत्र डूंगरमल, यश पुत्र सुनील कुमार वार्ष्णेय, प्रेम पुत्र सेवाराम, तीर्थओम पुत्र नेत्रपाल, गोपाल पुत्र संजीव कुमार, चन्द्रगुप्त पुत्र मदनलाल, अहमदसैन पुत्र घासी, रामबाबू पुत्र चिरंजीलाल, वृजेश पुत्र लालबहादुर, रामबाबू पुत्र राजीवरतन, रामौतार पुत्र रामभरोसे लाल, राजीव रतन पुत्र बंशी पाल समेत लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें व मकान बना रखे हैं।

प्रमोद शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत मिलने पर विजय शुक्ला तहसीलदार ने निर्देश पर राजेश शर्मा कानूनगों व दीपक कुमार भटनागर लेखपाल, आदित्य कान्त उपाध्याय लेखपाल, अनुज कुमार लेखपाल व लोकपाल सिंह लेखपाल समेत यादवेंद्र शर्मा लेखपाल जांच करने पहुंचे।

विजय शुक्ला तहसीलदार बिसौली ने बताया कि जिला पंचायत की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत मिली हैं। जिसकी जांच हेतु राजस्व टीम को जांच करने हेतु मौके पर भेजा गया। जिसमें अवैध कब्जा कर दुकानें व मकान बना लिए है। सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

-: शोक संदेश :-
मान्यवर
अत्यंत दुखित हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी परम पूजनीय माताजी श्रीमती द्रौपदी जी का स्वर्गवास दिनांक 19/6/2024 को हो गया था जिनका दसवां संस्कार प्राचीन शिव मंदिर ग्राम दरावनगर पर 28/6/2024 दिन शुक्रवार को किया जाएगा व तेरहवीं संस्कार 30/6/2024 दिन रविवार को होना सुनिश्चित हुई है आप सादर आमंत्रित हैं

जन्म :- 1 जनवरी 1936
गौलोक गमन :- 19 जून 2024
निवास दराव नगर, आँवला, बरेली
शोकाकुल परिवार :- राजेंद्र पाल शर्मा,9412509698,राजवीर शर्मा 8859 4 49459,संत प्रसाद शर्मा 9719367311 (E,N,I News ) तहसील प्रभारी आंवला एवं समस्त परिवार

## संपादकीय

# एक्सपर्ट्स से जानें क्या होगा क्या नही



एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, मई 2024 में सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के बंद होने का अनुपात 0.88 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। यह आंकड़ा लंबी अवधि के औसत 0.51 के मुकाबले काफी अधिक है। यह अनुपात दर्शाता है कि किसी एक महीने के दौरान खुलने वाले हरेक एसआईपी पर कितने बंद हो गए। एसआईपी योजनाओं के बंद होने के अनुपात कई कारणों से बढ़ा है। सैंक्टम वेल्थ के प्रमुख आलेख यादव ने कहा कि चुनावों के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। उन्होंने कहा कि कई निवेशकों ने मुनाफावसूली की, क्योंकि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का मूल्यांकन काफी अधिक हो गया था। ग्राहक को जानो मानदंडों के कारण होने वाले व्यवधानों ने भी इसमें योगदान किया है। गोलटेलर के सह- संस्थापक विवेक बांका ने कहा कि जिन निवेशकों ने आधार सत्यापन के बिना केवाईसी काफी पहले कर लिया था, उन्हें दोबारा इस प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव के अनुसार कि कुछ फंडों के खराब प्रदर्शन में वित्तीय लक्ष्यों में बदलाव के कारण नए सिरे से आवंटन, आय में कमी अथवा खर्च में वृद्धि जैसे कारकों की भी भूमिका हो सकती है। अगर फंड खराब प्रदर्शन कर रहा है तो यह एसआईपी को बंद करने का एक कारण हो सकता है।

श्रीवास्तव ने कहा, मगर प्रदर्शन का आकलन करते समय यह निर्धारित करना आवश्यक है कि क्या यह रणनीति अस्थायी तौर पर अनुकूल नहीं है अथवा फंड में ढांचागत तौर पर कुछ खामियां हैं। अगर ढांचागत खामी तो उससे दूर होना ही बेहतर है। एक अन्य कारण फंड की संभावनाओं अथवा जोखिम भुनाने के उसके प्रोफाइल में बुनियादी बदलाव हो सकता है। हो सकता है कि उसी बदलाव के कारण फंड निवेशक के पोर्टफोलियो में फिट न बैठता हो। इसके अलावा निवेशक की जोखिम लेने की क्षमता में बदलाव होने से भी फंड की प्रासंगिकता प्रभावित हो सकती है। श्रीवास्तव ने कहा कि आय में कमी अथवा खर्च में अचानक वृद्धि जैसी निवेशक की व्यक्तिगत वित्तीय चुनौतियों के कारण भी उनके लिए अपनी आय में से एक खास रकम को बार-बार अलग करना मुश्किल हो सकता है। यादव ने कहा कि अगर एसआईपी से जुड़ा वित्तीय लक्ष्य हासिल हो जाता है तो उसे रोका जा सकता है। उन्होंने कहा, सेवानिवृत्ति स्थानांतरण (अनिवासी बनना) वित्तीय परिसंपत्तियों से भौतिक परिसंपत्तियों की ओर रुख करना अन्य वास्तविक कारण हो सकते हैं। लंबी अवधि के निवेशकों को बाजार में गिरावट के दौरान एसआईपी को कभी नहीं रोकना चाहिए। यादव ने कहा, 'बाजार में गिरावट के दौरान आपके एसआईपी की हरेक किस्त फंड की अधिक यूनिट खरीदती है। इससे लंबी अवधि में अधिक रिटर्न मिलता है। श्रीवास्तव ने कहा कि बाजार में गिरावट के दौरान रुपये बनाम लागत का औसत प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। बांका ने कहा कि वास्तव में गिरावट के दौरान निवेशकों को अपना निवेश बढ़ाना चाहिए।

निवेशकों को अपने एसआईपी को एक फंड से दूसरे फंड में लगातार बदलने से बचना चाहिए। इसका एक कारण 'रिवर्सन टू मीन' नामक अवधारणा है। बाजार के विभिन्न चरणों में अलग-अलग निवेश शैलियों को प्रमुखता मिलती है। उदाहरण के लिए साल 2019 से साल 2021 के बीच क्वालिटी स्टाइल ने अच्छा प्रदर्शन किया और उसके बाद वैल्यू का प्रदर्शन बेहतर रहा है। बांका ने कहा कि हरेक फंड मैनेजर की अपनी निवेश शैली होती है। अगर बाजार उस शैली के अनुकूल नहीं होगा तो उसका प्रदर्शन खराब रहेगा। यदि एसआईपी को खराब प्रदर्शन करने वाले फंड से बेहतर प्रदर्शन वाले फंड में लगातार बदलते रहेंगे तो आप उन फंडों से बाहर निकल जाएंगे जहां जल्द उछाल आने की संभावना होगी। साथ ही आप उन फंडों में निवेश कर सकते हैं जहां जल्द खराब प्रदर्शन का दौर दिख सकता है। उन्होंने कहा कि इससे बचने के लिए ऐसा पोर्टफोलियो तैयार करें जिसमें विभिन्न शैलियों को शामिल किया गया हो। हरेक फंड के लिए अनुभवी फंड मैनेजरों का चयन करें और उनके साथ लंबे समय तक बने रहें।

**अमर भास्कर**

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर*

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।
पिन कोड-243601
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*

# दूरसंचार स्पेक्ट्रम नीलामी का क्या हो सही रवैया



दूरसंचार स्पेक्ट्रम नीलामी का ताजा दौर केवल दो दिन में समाप्त हो गया और इस दौरान बोली से लगभग 11,000 करोड़ रुपये आए। इससे पता चलता है कि मांग में कमी है लेकिन जरूरी नहीं कि स्पेक्ट्रम की मांग भी कम हो।

स्पेक्ट्रम ऐसा दुर्लभ प्राकृतिक संसाधन है जो दूरसंचार सेवाओं के संचालन के लिए जरूरी है। आगे भी स्पेक्ट्रम नीलामी ऐसी ही होनी चाहिए। यानी संतुलित और जरूरत आधारित, न कि अतीत की तरह सार्वजनिक तमाशा जब कंपनियों को अपनी क्षमता से परे जाकर काम करना पड़ा।

वर्ष 2012 में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पेक्ट्रम की खुली और पारदर्शी नीलामी की प्रक्रिया का सिद्धांत तय किया था और कहा था कि बोली की प्रक्रिया को हर स्थिति में सरकार के लिए राजस्व बढ़ाने का माध्यम नहीं समझा जाना चाहिए।

बुधवार को समाप्त हुई बोली इसी भावना के अनुरूप हुई। नीलामी के बाद केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि क्यों बोली कमजोर रही। उन्होंने कहा कि जरूरी स्पेक्ट्रम का बड़ा हिस्सा 2022 में ही नीलाम कर दिया गया था।

दो वर्ष पहले जब दूरसंचार उद्योग 5जी सेवाओं की शुरुआत के लिए तैयार हो रहा था और जिसके कारण डाउनलोड गति में तेजी आनी थी और अगली पीढ़ी के मोबाइल नेटवर्क तैयार होने थे, उस समय उद्योग जगत ने इन तरंगों को खरीदने के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये की राशि व्यय की थी।

बातों को इस संदर्भ में रखते हुए देखें तो स्पेक्ट्रम की कम मांग शायद ही राजकोष पर बुरा असर डाले। सरकार ने अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 25 के दौरान दूरसंचार संवाओं से 1.2 लाख करोड़ रुपये के गैर कर राजस्व संग्रह का लक्ष्य तय किया है। जबकि स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए कोई आधिकारिक लक्ष्य नहीं था लेकिन संकेत मिलते हैं कि सरकार को इस बिक्री से कुछ ज्यादा उम्मीद नहीं थी यानी वित्त वर्ष 25 की पहली किस्त से करीब 500 करोड़ रुपये। वर्तमान 11,000 करोड़ रुपये की राशि अपेक्षाओं से काफी अधिक है।

दूरसंचार उद्योग जो बीते वर्षों में कई तरह के उतार-चढ़ाव से गुजरा है, उसने अपनी जरूरतों के मुताबिक बैंड और फ्रीक्वेंसी का चयन करने में सतर्कता बरती है। इस बार खरीदे गए स्पेक्ट्रम का एक बड़ा हिस्सा उन तरंगों के नवीनीकरण के लिए है जिनका परमिट समाप्त होने वाला है।

भारती एयरटेल और वोडाफोन से तुलना करें तो अपेक्षाकृत नई कंपनी रिलायंस जियो ने कम बोली लगाई क्योंकि उसके किसी स्पेक्ट्रम की अवधि समाप्त नहीं हो रही है। अगर 2010 की 3जी स्पेक्ट्रम नीलामी से तुलना की जाए तो उस समय बोली की प्रक्रिया 34 दिन तक चली थी और इस बार यह दो दिन में समाप्त हो गई।


इससे पता चलता है कि कंपनियों ने भी संतुलित रुख अपनाया है। इससे पहले 2022 में भी 5जी तरंगों की रिकॉर्ड बोली लगी थी और दूरसंचार कंपनियों को भी अगली बोली से पहले थोड़ा समय मिल गया था।

सरकार की इस बात के लिए सराहना की जानी चाहिए कि उसने उद्योग जगत को यह अवसर दिया कि वह अपनी सुविधा और समय के हिसाब से स्पेक्ट्रम खरीदे बजाय कि भविष्य की कोई जानकारी हुए बिना स्पेक्ट्रम की जमाखोरी करने के। सरकार ने सालाना स्पेक्ट्रम नीलामी को लक्ष्य के रूप में स्पष्ट करके दूरसंचार क्षेत्र के काम की सुगमता में योगदान किया है।

इसके अलावा कंपनियों के पास भी यह विकल्प है कि वे सरकार को स्पेक्ट्रम के लिए सालाना राशि चुकाएं। इससे दूरसंचार उद्योग का वित्तीय दबाव कम होगा जो गत वर्ष 6.4 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में फंसा था।

अब जबकि रिलायंस जियो और एयरटेल ने कदम उठा लिया है तो अन्य कंपनियां भी अपनी शुल्क दरों में इजाफा करेंगी ताकि बाजार कहीं दो कंपनियों में बंटकर नहीं रह जाए। इसके अलावा दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होना चाहिए, 5जी का इस्तेमाल बढ़ना चाहिए और डाउनलोड की गति भी उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए।

# उपभोक्ता ऋण में क्वालिटी सुधार की जरूरत




गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के उपभोक्ता ऋण की गुणवत्ता कुल मिलाकर सुधरी है, वहीं भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थायित्व रिपोर्ट में एनबीएफसी के उपभोक्ता ऋण पर दबाव के 3 बिंदुओं को लेकर चेताया है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'उपभोक्ता ऋण सेग्मेंट में कुछ चिंता के विषय हैं, जिनकी नजदीकी से निगरानी करने की जरूरत है।

पहला, 50,000 रुपये से कम खुदरा ऋण वाले उधारकर्ताओं के बीच चूक का स्तर उच्च बना हुआ है। रिपोर्ट में खासकर एनबीएफसी-फिनटेक ऋणदाताओं की ओर इशारा किया गया है, जिनकी इस क्षेत्र में जारी ऋण और बकाया राशि में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी है। उनकी चूक दूसरे सबसे उच्च स्तर पर है और वे सिर्फ लघु वित्त बैंकों से नीचे हैं। दूसरा, पुरानी चूक से जुड़ा मसला है, जो कि चूक का मापक है। व्यक्तिगत ऋण के मामले में यह 8.2 प्रतिशत है, जो तुलनात्मक रूप से उच्च स्तर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीसरा पहलू यह है कि इस खंड में आधे से अधिक ऐसे लोग हैं, जिन पर ऋण लेते समय 3 ऋण पहले से चल रहे हैं और एक तिहाई से अधिक उधार लेने वालों ने पिछले छह महीनों में 3 से अधिक ऋण लिए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ एनबीएफसी पर नजर रखने की जरूरत है, जो कम पूंजी के साथ तेजी से बढ़ रही हैं, क्योंकि उनसे व्यवस्था की स्थिरता को जोखिम है। रिजर्व बैंक द्वारा पिछले साल नवंबर में असुरक्षित ऋण पर अधिभार बढ़ाए जाने के बाद गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के कुल ऋण में इस तरह के ऋण की हिस्सेदारी तेजी से घटकर मार्च 2024 में 22.9 प्रतिशत रह गई है, जो मार्च 2023 में 32.2 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में एनबीएफसी द्वारा दिए जाने वाले कर्ज की रफ्तार धीमी हुई है। रिजर्व बैंक ने वित्तीय कंपनियों से कहा था कि वे आंतरिक सर्विलांस व्यवस्था मजबूत करें, जोखिम बनने की समस्या का समाधान करें और उचित सुरक्षा का प्रबंध करें। एनबीएफसी द्वारा दी जा रही खुदरा उधारी की रफ्तार मार्च 2024 में घटकर 14.8 प्रतिशत रह गई है।

## खेल-खिलाड़ी

# खिताब जीतने से एक कदम दूर भारत, द. अफ्रीका से फाइनल में सामना




**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह-मेजबानी में जारी टी20 विश्व कप 2024 अंत की तरफ बढ़ रहा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा। दोनों टीमें मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में फाइनल मैच खेलने के लिए तैयार है। उन्होंने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराया था। टी20 क्रिकेट में भारत का दक्षिण अफ्रीका पर पलड़ा भारी है। दोनों के बीच कुल 26 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें भारत को 14 और प्रोटियाज को 11 में जीत मिली है। वहीं, एक मैच बेनतीजा रहा है। टी20 विश्व कप में भी भारत का दक्षिण अफ्रीका पर दबदबा है। दोनों टीमें छह बार भिड़ी हैं जिनमें चार मैच भारत ने जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका को दो मैचों में जीत मिली है। ऐसे में भारत खिताबी मैच में जीत का प्रबल दावेदार हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में भारत को अच्छी शुरुआत की दरकार होगी। इस मैच में रोहित शर्मा और विराट कोहली ही पारी की शुरुआत करते नजर आएंगे। हिटमैन इस वक्त फॉर्म में चल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने 57 रनों की तूफानी पारी खेली। वहीं, कोहली एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए। वह सिर्फ नौ रन बना सके। हालांकि, कप्तान और कोच ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद भरोसा जताया कि कोहली का बल्ला गरजेगा और वह उपयोगी पारी खेलने में कामयाब होंगे। तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। वह मौजूदा टूर्नामेंट में दमदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने अब तक 171 रन बनाए हैं। स्टार खिलाड़ी भारत के लिए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। वहीं, चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव उतरेंगे। मैदान के सभी कोनों में शॉट खेलने की क्षमता रखने वाला यह बल्लेबाज भारत के मध्यक्रम को मजबूती प्रदान कर रहा है। सेमीफाइनल मैच में पंत के बाद सूर्या ने 47 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और भारत का स्कोर 150 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। पांचवें नंबर पर उप-कप्तान हार्दिक पांड्या बल्लेबाजी के लिए आएंगे। वह गेंद और बल्ले से भारत के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। खिताबी मैच में शिवम दुबे का पत्ता कट सकता है। कप्तान उन्हें भारत की प्लेइंग 11 से बाहर का रास्ता दिखा सकते हैं। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ मैच में वह शून्य पर ही आउट हो गए थे। क्रिस जॉर्डन ने उन्हें बटलर के हाथों कैच आउट कराया था। उनकी जगह संजू सैमसन को मौका मिल सकता है। वह शानदार बल्लेबाजी करते नजर आ सकते हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही है। इसमें गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई है। स्पिन डिपार्टमेंट में कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की मौजूदगी भारत के लिए वरदान साबित हो रही है। दोनों वेस्टइंडीज की पिचों पर जलवा बिखेरते नजर आ रहे हैं। वहीं, रवींद्र जडेजा भी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्हें भले ही अब तक ज्यादा विकेट नहीं मिले हैं लेकिन जडेजा ने किफायती गेंदबाजी की है। वह बल्ले से भी प्रभाव छोड़ने में कामयाब हुए हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण का जिम्मा जसप्रीत बुमराह संभालते दिखेंगे। उनका साथ अर्शदीप सिंह देते नजर आएंगे। हार्दिक पांड्या भी अपने हिस्से के चार ओवर फेंकते दिखेंगे।

# भारत के पास 11 साल का सूखा समाप्त करने का मौका




**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज बारबाडोस में आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। भारत तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले टीम 2007 और 2014 में भी फाइनल में पहुंचने में सफल रही थी। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार विश्व कप का फाइनल मैच खेलेगी। भारतीय टीम पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल में भी पहुंची थी, लेकिन उस वक्त टीम को ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को कोई आईसीसी ट्रॉफी जीते लंबा समय हो गया है और टीम ने 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी और उसकी अंतिम आईसीसी ट्रॉफी है। इसके बाद टीम 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में हारी, जबकि 2019 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल, 2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल, 2022 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल, 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल और 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में भी टीम को हार का सामना करना पड़ा था। अब रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास आईसीसी ट्रॉफी जीतने का 11 साल का सुखा समाप्त करने का मौका रहेगा। टी20 क्रिकेट में भारत का दक्षिण अफ्रीका पर पलड़ा भारी है। दोनों के बीच कुल 26 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें भारत को 14 और प्रोटियाज को 11 में जीत मिली है। वहीं, एक मैच बेनतीजा रहा है। टी20 विश्व कप में भी भारत का दक्षिण अफ्रीका पर दबदबा है। दोनों टीमें छह बार भिड़ी हैं जिनमें चार मैच भारत ने जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका को दो मैचों में जीत मिली है। ऐसे में भारत खिताबी मैच में जीत का प्रबल दावेदार हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप 2024 का फाइनल मैच 29 जून यानी शनिवार को खेला जाएगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप 2024 का फाइनल मैच बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप 2024 का फाइनल मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम साढ़े सात बजे होगा। स्टार स्पोर्ट्स के पास टी20 विश्व कप 2024 के प्रसारण के अधिकार हैं। अंग्रेजी में लाइव कमेंट्री स्टार स्पोर्ट्स 1 एचडी/एसडी पर और हिंदी कमेंट्री स्टार स्पोर्ट्स हिंदी एचडी/एसडी पर उपलब्ध होगी। स्टार स्पोर्ट्स चैनल हिंदी और अंग्रेजी के अलावा बंगाली, कन्नड़, तेलुगु और तमिल सहित अन्य भाषाओं में लाइव कमेंट्री प्रदान करेगा।

# उच्च व मध्य हिमालय क्षेत्र में मौजूद तालों की गहराई और क्षेत्रफल की नहीं जानकारी



**देहरादून।** जनपद में उच्च और मध्य हिमालय क्षेत्र में मौजूद प्राकृतिक झीलों की गहराई और क्षेत्रफल की प्रशासन, वन विभाग और जिला आपदा प्रबंधन के पास कोई जानकारी नहीं है। वर्ष 2002 से जनपद में मौजूद बधाधीताल, देवरियाताल और वासुकीताल की गहराई की माप और क्षेत्रफल के माप की मांग हो रही है। पर, इस दिशा में बीते 22 वर्षों से जिला व शासन स्तर पर कोई कार्रवाई तो दूर कार्ययोजना तक नहीं बन पाई है।

उत्तराखंड से लगे हिमालय के उच्च व मध्य क्षेत्र में छोटी-बड़ी सैकड़ों झीलें होने की बात भू-वैज्ञानिक करते आ रहे हैं। जून 2013 की केदारनाथ आपदा का प्रमुख कारण भी चोराबाड़ी ताल को माना गया था। तब, ताल फूटने से पानी व मलबे के सैलाब से केदारपुरी, गौरीकुंड, सोनप्रयाग से लेकर अगस्त्यमुनि तक व्यापक तबाही हुई थी। वहीं, फरवरी 2021 में जनपद चमोली में ऋषिगंगा में ग्लेशियर टूटने से भी भारी नुकसान हुआ था। इसके बाद, भू-वैज्ञानिकों ने माना था कि हिमालय क्षेत्र में झीलें हैं,

जो कभी भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती हैं, इन्हीं झीलों में हिमालय के उच्च व मध्य क्षेत्र से लगे रुद्रप्रयाग जनपद के ऊखीमठ और जखोली विकासखंड में वासुकीताल, देवरियाताल और बधाणीताल भी मौजूद हैं।

इन प्राकृतिक तालों की गहराई और क्षेत्रफल की माप को लेकर अभी तक शासन व जिला स्तर पर कोई अध्ययन नहीं हो पाया है। जबकि स्थानीय ग्रामीण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और भू-वैज्ञानिक लंबे समय से इन तालों की माप कर जानकारी सार्वजनिक करने की मांग करते आ रहे हैं। ऊखीमठ निवासी व भू-विज्ञान के जानकार बलवीर सिंह धिरवाण का कहना है कि वर्ष 2002 से वह वासुकीताल, देवरियाताल और बधाणीताल की गहराई और क्षेत्रफल की मात की मांग कर रहे हैं।

# ई-केवाईसी न होने से एक लाख किसानों के खातों में नहीं आई रकम

**उत्तराखंड।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केवाईसी न करने और आधार नंबर, बैंक खाता और जमीन के रिकॉर्ड में जानकारी समान होने के कारण प्रदेश के एक लाख से अधिक किसानों को सम्मान निधि नहीं मिल रही है। वर्तमान में प्रदेश के 771567 किसान ही योजना में मिलने वाली रकम पा रहे हैं। अब किसानों को जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में शिविर लगाए जाएंगे। किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार ने दिसंबर 2018 में पीएम किसान सम्मान निधि योजना शुरू की थी। इस योजना में प्रदेश के नौ लाख पंजीकृत हैं। योजना के शुरूआत में सभी किसानों को बैंक खातों में सम्मान निधि के रूप में दो हजार रुपये की राशि आई। लेकिन कई अपात्र किसान भी योजना का लाभ रहे थे। इस पर केंद्र सरकार ने दस्तावेजों का सत्यापन के लिए ई-केवाईसी शुरू किया। जिसमें किसान का आधार नंबर, बैंक खाता संख्या, जमीन से संबंधित खाता खतौनी व खसरा नंबर का सत्यापन किया। लेकिन प्रदेश में एक लाख से अधिक किसान ऐसे हैं। जिनकी ई-केवाईसी नहीं हो पाई या उनके दस्तावेजों में भिन्नता है। जिस कारण उन्हें योजना में मिलने वाली सम्मान निधि नहीं मिल रही है। कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी पात्र किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिले। जिन किसानों की ई-केवाईसी नहीं हो पाई है। इसके लिए प्रदेश भर में जागरूकता शिविर लगाए जाएं।

# दानवीर भामाशाह सभी व्यापारियों के आदर्श हैं: डीएम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बहजोई।** चंदौसी के एएम वर्लड स्कूल में दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस राज्य कर विभाग एवं संस्कृति विभाग के तत्वाधान एवं शासन के निर्देशों के क्रम में व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिलाधिकारी का उपायुक्त जीएसटी लल्लन प्रसाद यादव ने पुष्प देकर स्वागत किया। मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह का पुष्प देकर जिला सूचना अधिकारीध्नोडल अधिकारी संस्कृति विभाग बृजेश कुमार द्वारा स्वागत किया गया।



संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा स्वागत गान गया गया तथा संस्कृति विभाग द्वारा नामित लोक गायन कार्यक्रम का ममता राजपूत की टीम द्वारा लोक कलाओं के द्वारा देश भक्ति के गीत गाये गए तथा उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप के द्वारा महाराणा प्रताप एवं दानवीर भामाशाह के जीवन पर एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें माही गुप्ता, तनीषा राजपूत, मिस्टी राजपूत, सृष्टि वर्मा, पीहू वर्मा, संजना यादव,गुंजन यादव आदि कलाकारों ने प्रतिभाग किया। हिंदुस्तान मिंट से फूल प्रकाश,अरविंद कुमार गुप्ता एवं गौरी शंकर चौधरी ने भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डाला।उसके उपरांत जिलाधिकारी ने भामाशाह के जन्म दिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने पर माननीय मुख्यमंत्री जी एवं संस्कृति विभाग का आभार प्रकट किया एवं उन्होंने कहा कि भामाशाह सभी व्यापारियों के आदर्श हैं। धन का सदुपयोग कैसे और किसके लिए किया जाए उसके साक्षात ऐतिहासिक दृष्टांत युग पुरुष दानवीर भामाशाह हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि भामाशाह का नाम देश एवं विश्व में दानियों के रूप में लिया जाता है। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों से कहां की अपना जीएसटी समय से भरें और कोई भी व्यापारी किसी समस्या के लिए सीधे जिलाधिकारी से संपर्क कर सकता है। समाज के सभी लोग मिलकर कार्य करेंगे तभी हमारा देश एवं जनपद आगे बढ़ेगा। जिस प्रकार दानवीर भामाशाह ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान किया इस तरह हम सभी जनपद संभल के लिए क्या कर सकते हैं उसके बारे में आपका जो सुझाव एवं मार्गदर्शन है उस पर विचार विमर्श किया जाएगा। ताकि जनपद को विकास के पथ पर ले जाया जा सके। भामाशाह, व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने स्कूल परिसर में लगीं विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित स्टालों का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार 2024 एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले कलाकारों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इसके उपरांत व्यापारियों द्वारा जिलाधिकारी को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा भामाशाह पुरस्कार 2024 से सम्मानित किए गए व्यापारी प्रदीप कुमार कॉन्ट्रेक्टर एवं नेशनल क्राफ्ट्स को जनपद में वर्ष 2023 -24 में सबसे अधिक टैक्स देने पर सम्मानित किया गया। जबकि फूल प्रकाश, संजय गुप्ता, अरविंद गुप्ता, प्रभात कृष्ण, प्रेम ग्रोवर, सुबोध कुमार, मेहंदी हसन, सरफराज को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह, उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी, उपायुक्त जीएसटी लल्लन प्रसाद यादव, जिला सूचना अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, संस्कृति विभाग बृजेश कुमार एवं व्यापार कर विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा समस्त व्यापारी गण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### मकान की जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गुन्नौर।** मकान की जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया। कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष की दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल के परिजनों ने थाना धनारी पहुंचकर तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मेडिकल कराने के लिए नजदीकी अस्पताल बहजोई के लिए भेजा घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए। जिला अस्पताल संभल रैफर कर दिया गया। थाना धनारी क्षेत्र के अंतर्गत कुसमा देवी पति नौबत सिंह तथा दौरानी सोमवती पति पन्नालाल निवासी ग्राम पंचायत आर्थल थाना धनारी का मकान की जमीन को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया।

कि विवाद में कुसमा देवी तथा सोमवती को दूसरे पक्ष के कल्यान सिंह पुत्र पूरन ललतेश पुत्र कल्याण सिंह मंटू पुत्र मोजी रूपा पुत्र कल्याण सिंह ने पीट-पीट कर घायल कर दिया। घायलों के परिजनों ने थाना धनारी पहुंचकर तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मेडिकल के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए। बहजोई अस्पताल के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल संभल रैफर कर दिया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

### पुलिस ने हत्या के आरोपियों को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर किया पर्दाफाश



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गुन्नौर।** थाना गुन्नौर क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें मृतिका माया के भाई जोगेंद्र पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम जमालपुर थाना जनाबाई ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें थाना गुन्नौर पुलिस जांच पड़ताल कर रही थी। कि हत्या करने में कोई भी नाजायज नहीं फस सके इसलिए बड़े ही गहनता से विवेचना कर रही थी। पुलिस द्वारा विवेचना के अंतर्गत पाया गया। कि घटना स्थल मृतका के घर का होना पाया गया। आरोपियों ने मृतका की गोली मारकर छोटे लाल के घर के पास खाली जगह में नीम के पेड़ के पास बना भूसा का बोगा में रख दिया था। जिसमें पुलिस को खुलासा करने में काफी प्रयास किया गया। अभियुक्त तथा अभियुक्ता छोटेलाल पुत्र चंद्रकेश निवासी ग्राम भोजराजपुर थाना गुन्नौर तथा सुनील पुत्र चंद्रकेश और उर्मिला पुत्री चंद्रकेश को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# गंगा में डूबा हरियाणा का युवक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**देहरादून।** हरियाणा से दोस्तों के साथ घूमने आया युवक गंगा में डूब गया। रामझूला नाव घाट के पास की ही घटना है।

एसडीआरएफ की टीम गंगा नदी में सर्च अभियान चला रही है। घटनास्थल से बैराज तक अभियान चलाया जा रहा है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार व्यक्ति का नाम, नरेश (35) पुत्र बलदेव सिंह उम्र निवासी ग्राम करौंदा कलां थाना नरवाना, जिला जींद हरियाणा निवासी है। परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं।

# कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं, लोगों को दी सलाह

**नैनीताल।** कैंप कार्यालय में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने शनिवार को जनसुनवाई कर मौके पर शिकायतों का समाधान किया। जन शिकायतों में अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अतिक्रमण, सड़क आदि से संबंधित आई। जनसुनवाई में आमजनमास की मुख्यतया: भूमि विवाद, सड़क, अतिक्रमण, राशन कार्ड, ब्याज पर धनराशि देने आदि की समस्याओं का आयुक्त ने मौके पर समाधान किया गया। काफी समय से लंबित भूमि विवाद की समस्याओं का समाधान होने व धनराशि वापस मिलने पर लोगों द्वारा आयुक्त का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में



कुछ समस्यायें धनराशि को ब्याज में देने के संबंध में आई। आयुक्त ने कहा कि ब्याज में धनराशि देना और उसके पश्चात प्रताड़ित करना घोर अपराध है। उन्होंने कहा जो लोग ब्याज में पैसे देने का कृत्य करते है उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा जिन लोगों के पास साहूकार का लाईसेंस है उनको छोड़कर अगर कोई व्यक्ति इस प्रकार के व्यापार में लिप्त पाया जाता है तो उनके खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की जायेगी। विकासखंड रामगढ़ ग्राम हवेली पंपिग योजना में जलसंस्थान द्वारा जलजीवन मिशन के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। ग्रामवासियों ने कहा कि योजना में कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है और दो माह से कार्य नहीं हुआ है। जिस पर आयुक्त ने जलसंस्थान के मुख्य अधिकारियों को प्रत्येक सोमवार को कार्यालय में तलब कर सप्ताह की प्रगति रिपोर्ट फोटोग्राफ के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जो ठेकेदार कार्य नहीं कर रहे है उन्हें तुरन्त हटाया जाए। उन्होंने कहा भीमताल, रामगढ़ व बेतालघाट ब्लाक में जेजेएम के कार्यों में प्रगति धीमी है, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये है कि जहां कार्य में ढिलाई बरती जा रही है वहा पर कार्रवाई की जायेगी।

# दस साल पुराने मामले में केस दर्ज हुए तो इसमें क्यों नहीं

**उधमसिंह नगर।** पंतनगर थाने के एसएचओ के वायरल ऑडियो से सियासत गर्मा गई है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने एसएचओं के आचरण की निंदा करते हुए एक साल बाद ऑडियो के वायरल होने को चैंकाने वाला बताया। कांग्रेस नेता और किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि जब दस साल पुराने मामलों में तक एफआईआर दर्ज हुई हैं तो अब तक एसएचओ पर एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई है। शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में बेहड़ ने मामले में राजनीति के बजाय कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अश्लील ऑडियो अधूरा होने की बात कही जा रही है। ऑडियो अधूरा है या पूरा है,




इसकी जांच होनी चाहिए। जांच में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन पीड़िता से अश्लील बातें की गई हैं।

पीड़िता की ओर से उपलब्ध कराया ऑडियो ही डीजीपी को दिया था। कहा कि ऐसे मामलों में विधायक, सांसद और बड़े-बड़े लोग जेल जा सकते हैं तो एसएचओ को बचाने का खेल क्यों रचा जा रहा है। किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण से पुलिस विभाग के साथ ही शासन की छवि धूमिल हो रही है। एक जिम्मेदार पद पर चौते एसएचओ का आचरण निंदनीय है। इस घटना से पंतनगर और आसपास के लोगों में आक्रोश है। इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच ही। जांच प्रभावित न ही, इसके लिए एसएचओ को निलंबित किया जाए। कहा कि यह मामला एक वर्ष पुराना है। अचानक एक साल बाद इंस्पेक्टर की अश्लील ऑडियो का वायरल होना चैंकाने वाला है। इस मामले में सभी पहलुओं पर विस्तृत जांच की जाए। यहां राजेश तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, मोहन तिवारी, मनीष शुक्ला, सनी शुक्ला, दलजीत खुराना, बंटी खुराना, चंद्रसेन कोली, सत्य प्रकाश कोली आदि मौजूद रहे। किच्छा विधायक ने कहा कि शिकायती पत्र पर डीजीपी ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने और निलंबन के आदेश किए थे। लेकिन इस आदेश को रोकने वाला कौन है। पीड़िता जब चाहेगी तो प्रमाण सामने रख सकती है। चेताया कि अगर पुलिस राजनीति करना चाहती है तो वह इसके लिए तैयार हैं।

# करंट लगने से मजदूर की मौत

**संभल।** सीडीएस कंपनी में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मौत की सूचना सुनकर काम कर रहे सभी मजदूर में हड़कंप मच गया। और कंपनी में काम कर रहे मजदूर तथा सीडीएस कंपनी के कर्मचारी मृतक को कंपनी के वाहन द्वारा हसीना बेगम हॉस्पिटल संभल में भर्ती कराया गया। लेकिन डॉक्टरों के देखभाल करने के बाद मृत घोषित कर दिया गया। तो उसके परिजन जिला अस्पताल संभल लेकर पहुंचे थाना कैला देवी की खिरनी चौकी के अंतर्गत गंगा एक्सप्रेसवे का कार्य सीडीएस कंपनी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें मृतक राजकुमार पुत्र राजेंद्र ग्राम करेली थाना संभल एक वर्ष से कार्य कर रहा था। तो अचानक मशीन में करंट आने से मौत हो गई। मौत



की सूचना पर कंपनी के कर्मचारियों द्वारा मृतक को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा देखरेख के बाद मृतक घोषित कर दिया गया। परिजनो द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया। कि मृतक राजकुमार लगभग 1 वर्ष से काम कर रहा था। कंपनी में लगभग 11 बजे काम बंद कर दिया गया था। और मृतक खाना खाने अपने कमरे पर आ गया था।

# जीएनआरएफ संस्था द्वारा चलाया गया वृक्षारोपण अभियान

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद में जी एन आर एफ संस्था द्वारा वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के रीजनल मैनेजर अब्दुल वाहिद अत्तारी ने बताया गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (जीएनआरएफ) एक समाज कल्याण विभाग है। जो पर्यावरण, स्वास्थ, समाज कल्याण, शिक्षा और आपदा प्रबंधन पर काम करता है। हम 1 से 10 जुलाई तक वृक्षारोपण अभियान आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वृक्षारोपण के महत्व



को बढ़ावा देना और पर्यावरण की बेहतरी में योगदान देना है। हमारा मानना है कि ऐसी पहल जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हमें पर्याप्त संख्या में पौधे लगाने की आवश्यकता है।

# नदी में गिरा गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक, ड्राइवर-कंडक्टर की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अल्मोड़ा।** जिले के सेराघाट क्षेत्र में सिलिंडर से लदा एक ट्रक नदी में गिर गया। हादसे में ड्राइवर-कंडक्टर की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे में मृत कंडक्टर की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शुक्रवार देर शाम एलपीजी सिलिंडर लेकर हल्द्वानी से बेड़ीनाग की ओर जा रहा ट्रक संख्या- यूके 04 सीबी-3110 अल्मोड़-सेराघाट सड़क में मंगलता से आगे टानी के पास अचानक अनियंत्रित होकर जैगन नदी में गिर गया। ट्रक



में लदे सभी सिलिंडर खाई और नदी में बिखर गए। ग्राम प्रहरी की सूचना के बाद धौलछीना थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। खाई में ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर अचेत अवस्था में पड़े थे। आपातकालीन सेवा 108 के माध्यम से दोनों को सीएचसी धौलछीना लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि चालक की पहचान हरीश चंद्र बिष्ट पुत्र परी सिंह निवासी कपकोट बागेश्वर के रूप में हुई है। कंडक्टर की पहचान नहीं हो सकी है। कंडक्टर की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## कुछ दिन अंतरिक्ष में ही बिताएंगी सुनीता

**अमेरिका।** नासा के दो अंतरिक्ष यात्री को लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहना पड़ सकता है, क्योंकि नासा इस मिशन की समय सीमा बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव स्टिच ने बताया कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी स्टारलाइनर के मिशन की अवधि 45 दिनों से बढ़ाकर 9० दिन पर विचार किया जा रहा है।



भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बुच विलमोर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में फंसे हैं। बोइंग का सीएसटी- 1०० स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट 15 दिन से अंतरिक्ष में अटका है। दोनों 5 जून को स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष स्टेशन तक गए थे। तय कार्यक्रम के मुताबिक उन्हें स्टारलाइनर के साथ 13 जून को धरती पर लौटना था लेकिन विमान में गड़गड़ी के कारण उनकी वापसी नहीं हो पाई है। नासा के अधिकारियों ने कई बार यह संकेत दिया कि स्टारलाइनर, जो कि जून में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर गया था, उसने हीलियम लीक और थ्रस्टर आउटेज की समस्याओं का सामना किया था।

यह दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को घर लाने के लिए सुरक्षित होगा। शुक्रवार को नासा के अधिकारियों ने कहा कि हम केवल न्यू मैक्सिको के परीक्षण निष्पादित करने की समयसीमा देख रहे हैं, और फिर डाटा की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि नासा न्यू मैक्सिको में आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि स्टारलाइनर के कुछ थ्रस्टर्स अपनी यात्रा के पहले चरण के दौरान अप्रत्याशित रूप से विफल क्यों हुए।

बोइंग के लिए वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम के उपाध्यक्ष और कार्यक्रम प्रबंधक स्टिच और मार्क नैपी ने कहा कि इंजीनियर अभी भी स्टारलाइनर की समस्यों के पीछे के कारण के बारे में निश्चित नहीं हैं। नैपी ने कहा कि उद्देश्य का एक हिस्सा वाहन के अंतरिक्ष में रहते हुए ग्राउंड टेस्ट आयोजित करना है। ताकि थ्रस्टर्स में खराबी के संभावित कारणों का पता लगाया जा सके। वहीं सुनीता विलियम्स और विल्मोर वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद बाकी के साथ एकीकृत हो गए हैं, और काम कर रहे हैं।

जब यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर जा रहा था, तब हीलियम लीक की पहचान की गई थी, साथ ही थ्रस्टर की समस्याएं भी थीं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्टारलाइनर का सर्विस मॉड्यूल, अंतरिक्ष यान के निचले भाग में एक बेलनाकार लगाव है, जो उड़ान के दौरान वाहन की अधिकांश शक्ति प्रदान करता है। इसको यहां कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। वैसे डिजाइन के अुनसार सर्विस मॉड्यूल पृथ्वी पर लौटने के बाद जीवित नहीं रहेगा।

## राष्ट्रपति पद के लिए कड़ी टक्कर

**तेहरान।** ईरान में राष्ट्रपति चुनाव में समाज सुधारक मसूद पेजेशकियान और कट्टरपंथी सईद जलीली के बीच कड़ा मुकाबला हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान में दूसरे चरण के चुनाव के आसार बन रहे हैं और किसी भी उम्मीदवार को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभी तक ईरान में 1.4 करोड़ वोटों की गिनती हो गई है, जिनमें मसूद पेजेशकियान को करीब 59 लाख और उनके प्रतिद्वंदी सईद जलीली को 55 लाख से ज्यादा वोट हासिल हुए हैं। ईरान में राष्ट्रपति पद के अन्य उम्मीदवार मोहम्मद बागर कलीबाफ को करीब 19 लाख और चौथे उम्मीदवार मुस्तफा पोरमोहम्मदी को 1.1 लाख वोट मिले हैं। ईरान के कानून के अनुसार, अगर किसी भी उम्मीदवार को चुनाव में 5० प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं मिलते हैं तो दूसरे चरण का चुनाव होता है।

## इस्राइल को भेजे हजारों विनाशकारी बम

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अधिकारियों ने खुलासा किया है कि बाइडन सरकार ने 7 अक्तूबर से शुरू हुए गाजा युद्ध के बाद से अब तक इस्राइल को हजारों विनाशकारी बम और गोला-बारूद भेजे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका द्वारा इस्राइल को भेजी गई हथियारों की खेप में 14 हजार दो हजार पाउंड वजनी एमके-84 विनाशकारी बम, 6,5०० पांच सौ पाउंड के बम, तीन हजार हेलफायर मिसाइल, एक हजार बंकर तबाह करने वाले बम, 26०० हवा से जमीन पर मार करने वाले छोटे बम और अन्य गोला बारूद शामिल हैं।




अमेरिका ने अभी तक इस्राइल को भेजे हथियारों की सूची सार्वजनिक नहीं की थी। अमेरिकी अधिकारियों ने इस्राइल को हथियार भेजने की समयसीमा का खुलासा नहीं किया है और ये भी बताया कि अभी भी अमेरिका द्वारा इस्राइल को हथियार भेजने में खासी कमी नहीं आई है। यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस्राइल को हथियार न भेजने की अपील कर रहा है और खुद अमेरिका ने भी इस्राइल को बड़े और विनाशकारी हथियारों को भेजने पर बीते दिनों रोक लगा दी थी।

सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के हथियार विशेषज्ञ टॉम कराको ने बताया कि, हथियारों की यह सूची स्पष्ट रूप से हमारे इस्राइली सहयोगियों के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के समर्थन को दर्शाती है। गाजा युद्ध की शुरुआत से ही इस्राइल और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के बीच गोलीबारी जारी है, और चिंता है कि इस्राइल और हिजबुल्ला में पूर्ण युद्ध छिड़ सकता है। बुधवार को बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि वाशिंगटन ने 7 अक्टूबर से इस्राइल को 6.5 बिलियन डॉलर के हथियार भेजे हैं। हाल के हफ्तों में दावा किया कि वाशिंगटन हथियार रोक रहा है।

## सैन्य अभियान के लिए मांगे छोटे हथियार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राजदूत मसूद खान ने अमेरिका से आग्रह किया कि वह इस्लामाबाद में आतंकवाद के खिलाफ शुरू किए गए अभियान अज्म-ए-इस्तेकाम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए छोटे हथियार और आधुनिक उपकरण मुहैया कराए। शहबाज शरीफ सरकार ने हाल ही में इस सैन्य अभियान को मंजूरी दी है। डॉन अखबार ने राजदूत खान के हवाले से कहा पाकिस्तान ने आतंकवादियों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए अज्म-ए-इस्तेकाम अभियान शुरू किया है।



इसके लिए हमें छोटे हथियारों और आधुनिक संचार उपकरणों की जरूरत है। मसूद खान ने इस हफ्ते की शुरुआत में अमेरिका के विल्सन सेंटर में अमेरिकी नीति-निर्माताओं, विद्वानों, थिंक टैंक और कॉरपोरेट नेताओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। खान ने बताया कि अज्म-ए-इस्तेकाम अभियान में तीन महत्वपूर्ण चरण शामिल हैं- सैद्धांतिक, सामाजिक और परिचालन। उन्होंने कहा कि पहले दो चरणों पर काम शुरू हो चुका है, तीसरे चरण को जल्द ही शुरू किया जाएगा।

अधिकारियों के मुताबिक, यह आतंकवाद रोधी अभियान शुरू करने का फैसला तब लिया गया है, जब देश को तहरीक-ए-तालिबान के आतंकवादियों के सिलसिलेवार हमलो का सामना करना पड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका को मजबूत रक्षा संबंध बनाए रखना चाहिए और खुफिया सहयोग बढ़ाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अमेरिका को उन्नत सैन्य हथियारों की बिक्री फिर से शुरू करनी चाहिए। अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत ने कहा, यह क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है और आतंकवाद की लहर अमेरिका और उसके सहयोगियों के हितों के लिए भी खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि द्विपक्षी संबंध जमीनी हकीकत पर आधारित होने चाहिए। खान ने कहा, कुछ मुद्दों के चलते संबंधों को रोकना नहीं चाहिए। एक या दो मुद्दों की वजह से पूरे रिश्ते को नहीं बिगाड़ा जाना चाहिए।

## भारत-अमेरिका की नागरिकों को चेतावनी

**लेबनान।** देश में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच भारत और अमेरिका ने अपने-अपने नागरिकों के लिए यात्रा सलाह जारी की है। दोनों देशों ने अपने नागरिकों से लेबनान की यात्रा योजनाओं पर पुनर्विचार करने के साथ ही सावधानी बरतने का आग्रह किया है। वहीं, बेरूत में रूसी दूतावास ने भी देश के दक्षिणी हिस्से में स्थिति सामान्य होने तक अपने नागरिकों से लेबनान की यात्रा करने से परहेज करने की सलाह दी है।

भारतीय दूतावास ने कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए लेबनान में सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। बेरूत में भारतीय दूतावास के साथ इमेल पता या आपात कालीन हेल्पलाइन अमेरिकी दूतावास ने भी लेबनान की मौजूदा स्थिति पर प्रकाश डाला।

## तबाह हो चुके गाजा में एक यूएन मानवीय सहायताकर्मी का सफर

**हमास।** पिछले 9 महीनों से युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में प्रवेश करना बेहद चुनौतीपूर्ण है और वहां सहायता आपूर्ति व ईंधन की किल्लत के बीच मानवीय सहायताकर्मी एक कठोर वास्तविकता का सामना कर रहे हैं। मौजूदा हालात में जरूरतमंदों तक अतिआवश्यक राहत पहुंचाने के लिए उनके पास सीमित साधन हैं।



यूएन सहायताकर्मी लुइस वॉटरिज ने गाजा वापस पहुंचने के बाद यूएन न्यूज को शुक्रवार को यह जानकारी दी है। फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन एजेंसी में वरिष्ठ संचार अधिकारी, लुइस वॉटरिज ने बताया कि आप उत्तरी गाजा, मध्य इलाके और दक्षिणी गाजा से बमबारी, धमाकों को सुन सकते हैं। गाजा अब पृथ्वी पर वास्तव में नर्क है, यहां बहुत ही गर्मी है...कचरा हर जगह बिखरा पड़ा है, लोग प्लास्टिक शीट के नीचे रह रहे हैं, जहां तापमान और बढ़ जाता है। सात अक्तूबर को दक्षिणी इस्राइल पर हमास व अन्य चरमपंथी गुटों के आतंकी हमलों और लोगों को बंधक बनाए जाने के बाद, इस्राइली सैन्य बलों ने बड़े पैमाने पर गाजा में जवाबी कार्रवाई शुरू की, जिससे बड़ी संख्या में फलस्तीनी हताहत हुए हैं और एक विशाल मानवीय संकट उपजा है।

गुरूवार को दक्षिणी गाजा में स्थित केरेम शेलॉम सीमा चौकी पार करने के बाद, लुइस वॉटरिज ने कहा कि नजदीक में स्थित रफा शहर बर्बाद हो चुका है। इससे पहले, उन्होंने मई महीने में गाजा का दौरा किया था जहां रफा उनका शिविर था।

उस समय इस्राइली सेना ने इस अहम सीमा चौकी को अपने नियंत्रण में ले लिया था, जिससे गाजा में राहत पहुंचाने में अवरोध खड़े हो गए थे। यूएन सहायताकर्मी ने वहाँ से जब मध्य गाजा में स्थित अपने शिविर तक का सफर शुरू किया तो उन्हें रास्ते में भी बर्बादी के वही दृश्य दिखाई दिए। खान युनिस से होकर गुजरना स्तब्धकारी था। यह एक वीरान शहर बन चुका है, हर चीज बर्बाद हो चुकी है अब, ऐसे बहुत से परिवार हैं जो इन बर्बाद, खंडहर हो चुकी इमारतों में रह रहे हैं। जहां दीवारें पूरी तरह टूट चुकी हैं, वहां कंबल या प्लास्टिक शीट लगा ली गई है। लुइस वॉटरिज ने उन ख़बरों की पुष्टि की है कि नौ महीनों से जारी भीषण इस्राइली बमबारी के बाद कानून-व्यवस्था दरक चुकी है।

गाजा में आम नागरिकों के जीवन में विशाल उठापठक हुई है। जरूरतमंद फलस्तीनी भोजन की तलाश में मानवीय राहत ट्रकों के केरेम शेलॉम चौकी को पार करने के बाद रास्ते में ही रोकने के लिए मजबूर हो रहे हैं। जब हम पहुंचे तो सड़क पूरी तरह से लूटपाट कर रहे लोगों से भरी थी। हम वहां उसी समय आए, जब कुछ राहत ट्रक पहुंचे थे, और सैकड़ों हथियारबंद व्यक्ति उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे।

## महिलाओं की स्थिति पर जताई बेहद गहरी चिंता

**अफगानिस्तान।** महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव के उन्मूलन पर संयुक्त राष्ट्र समिति ने अफगानिस्तान के भविष्य पर यूएन के तत्वाधान में आयोजित हो रही बैठक से महिलाओं व लड़कियों को शामिल ना किए जाने पर गहरी चिंता जताई है। अफगानिस्तान के विशेष दूतों की दो-दिवसीय बैठक इस सप्ताहांत कतर की राजधानी दोहा में होगी।



3० जून से एक जुलाई तक होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता, शांतिनिर्माण एवं राजनैतिक मामलों की प्रमुख और अवर महासचिव रोजमैरी डीकार्लो करेंगी। इस दौरान अफगानिस्तान के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और अंतरराष्ट्रीय संपर्क व बातचीत को ढांचागत ढंग से आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। अवर महासचिव रोजमैरी डीकार्लो ने 18-21 मई को अफगानिस्तान की यात्रा के दौरान, सत्तारूढ़ तालिबान प्रशासन को इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए महासचिव एंतोनियो गुटेरेश की ओर से आमंत्रित किया था।

यूएन समिति सीईडीएडब्ल्यू ने दुख जताया है कि अफ्गान महिलाएं फिलहाल दुनिया में अपने अधिकारों के लिए सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण संकट का सामना कर रही हैं। इसके मद्देनजर, उन्होंने इस बैठक में महिलाओं को सक्रिय व प्रत्यक्ष रूप से शामिल किए जाने का आग्रह किया है। समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने में विफल रहने से अफगान महिलाओं व लड़कियों की चुप्पी और बढ़ेगी, जबकि उनके अधिकारों का पहले ही गंभीर रूप से हनन हो रहा है। समिति ने अफगानिस्तान में महिलाओं व लड़कियों के लिए बद से बदतर होती स्थिति पर बार-बार चिंता जताई है, जिससे मौजूदा और भावी पीढ़ियों को ऐसा बड़ा नुकसान पहुंच रहा है, जिसकी भरपाई कर पाना मुश्किल होगा।

समिति के अनुसार शिक्षा व रोजगार के अवसरों को नकारा जाने और आवाजाही व सार्वजनिक स्थलों पर उपस्थिति पर पाबंदियां थोपे जाने से, महिलाओं का सार्वजनिक जीवन से दूर रखे जाने की प्रवृत्ति गहराई तक रच-बस रही है। अगस्त 2०21 में अफगानिस्तान की सत्ता पर तालेबान की वापसी के बाद देश में महिलाओं व लड़कियों के मानवाधिकारों पर गहरा संकट उपजा है।

## अंतरिक्ष यान में एक घंटे तक लेनी पड़ी शरण

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसियों ने जानकारी दी कि निष्क्रिय रूसी उपग्रह कक्षा में 1०० से अधिक टुकड़ों में टूट गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग एक घंटे तक आश्रय लेना पड़ा। रूसी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह आरईएसयूआरएस पी1 के टूटने के कारण के बारे में तत्काल कोई विवरण नहीं था, इसे रूस ने 2०22 में मृत घोषित कर दिया है।

मलबे के झुंड पर नजर रख रखे अमेरिकी अंतरिक्ष कमांड ने कहा कि अन्य उपग्रहों के लिए तत्काल कोई खतरा नहीं है स्पेस कमांड ने जानकारी दी कि यह घटना बुधवार को माउंटेन टाइम अनुसार सुबह लगभग 1० बजे हुई। नासा के स्पेस स्टेशन कार्यालय ने बताया कि यह घटना स्पेस स्टेशन के पास की कक्षा में हुई।

## लोगों की आलोचनाओं के निशाने पर हैं बाइडन

**अमेरिका।** गुरुवार को अमेरिका के अटलांटा में राष्ट्रपति चुनाव के लिए डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच पहली बहस हुई। इस बहस में डोनाल्ड ट्रंप भारी पड़े और जो बाइडन बोलते हुए लड़खड़ाते नजर आए। जिसके बाद बाइडन की बढ़ती उम्र को लेकर चिंताएं फिर से उभर आई हैं और बाइडन के कई आलोचक उनकी उम्मीदवारी पर सवाल उठा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी माना है कि बाइडन के लिए यह एक बुरी बहस वाली रात थी।



हालांकि उन्होंने राष्ट्रपति बाइडन में अभी भी अपना भरोसा जताया और कहा कि नवंबर में बहुत कुछ दांव पर है। बहस के बाद सोशल मीडिया पर जो बाइडन को लेकर काफी मीम्स प्रसारित होने शुरू हो गए। साथ ही ये भी आशंका जताई जाने लगी कि क्या नवंबर के चुनाव में बाइडन, ट्रंप को रोक पाएंगे। इन आशंकाओं और आलोचनाओं के बीच पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, बाइडन के बचाव में उतरे हैं।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में ओबामा ने लिखा कि बहस की बुरी रात होती हैं, लेकिन मेरा विश्वास कीजिए, मैं जानता हूं कि ये चुनाव अभी भी उन लोगों के बीच है, जिनमें से एक अपने पूरे जीवन में आम लोगों के लिए लड़ता आया है और दूसरे ने हमेशा अपनी फिक्र की है। एक सच बोलता है और जिसे पता है कि सही क्या है। वहीं दूसरा अपने फायदे के लिए झूठ बोलता है। बीती रात से भी कुछ नहीं बदला है और यही वजह है कि नवंबर के चुनाव में बहुत कुछ दांव पर है। अटलांटा की बहस में ट्रंप के सामने कमजोर साबित होने के बाद बाइडन को भी इसका अहसास था।

यही वजह है कि बहस के बाद बाइडन ने नॉर्थ कैरोलिना में एक जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में बाइडन जोश में दिखे और उन्होंने अपने संबोधन के दौरान स्वीकार किया कि श्वे भी मानते हैं कि अब वे जवान नहीं रहे हैं। पहले की तरह आसानी से चल नहीं पाते और आसानी से बातें नहीं कर पाते। हो सकता है कि पहले की तरह बहस भी न कर पाते हों, लेकिन मुझे पता है कि सच कैसे बताया जाता है।

## क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ने कराई प्लास्टिक सर्जरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले गुरुवार को डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच हुई बहस की पूरी दुनिया में सुर्खियां बनी, लेकिन सोशल मीडिया पर एक अजीब वजह के चलते इस बहस की चर्चा हो रही है।



दरअसल सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि इस बहस के दौरान जो बाइडन थोड़े बदले हुए नजर आए और कयास लग रहे हैं कि शायद जो बाइडन ने अपने चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी कराई है। बहस के दौरान जो बाइडन के चेहरे के हाव-भाव थोड़े अलग रहे, जिसकी सोशल मीडिया पर चर्चा है। कुछ यूजर्स ने दावा किया है कि बाइडन ने अपने चेहरे के हावभाव में बदलाव के लिए प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लिया है। कुछ यूजर्स ने कहा कि बहस के दौरान बाइडन का चेहरा स्थिर रहा और कुछ असामान्य सा लग रहा था। कुछ यूजर्स ने तो यहां तक दावा किया कि बहस के दौरान जो व्यक्ति टीवी स्क्रीन पर दिखा, वह असल में बाइडन था ही नहीं। गौरतलब है कि न सिर्फआम आदमी बल्कि अमेरिका में कुछ डॉक्टरों ने भी इस बात की आशंका जताई है कि बाइडन ने हो सकता है कि प्लास्टिक सर्जरी कराई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ कॉस्मेटिक विशेषज्ञों ने दावा किया है कि बाइडन की प्लास्टिक सर्जरी की अनुमानित लागत करीब 4० हजार डॉलर से लेकर ढाई लाख डॉलर तक हो सकती है। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। गुरुवार को हुई बहस में बाइडन की भले ही चर्चा हो रही है।

## छापेमारी में मोबाइल-लैपटॉप हुए बरामद

**कोलंबो।** श्रीलंका के आपराधिक जांच विभाग ने वित्तीय घोटालों में शामिल एक समूह के कम से कम 6० भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया। इस सभी को गुरुवार को मदीवेला, बट्टारामुल्ला और नेगोंबो से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के प्रवक्ता एसएसपी निहाल थल्दुवा ने बताया कि सीआईडी ने बताए गए इलाकों में छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने 135 मोबाइल फोन और 57 लैपटॉप बरामद किए। यह कार्रवाई एक पीड़ित की तरफसे शिकायत दर्ज करने के बाद की गई। इसमें स्थानीय और विदेशी नागरिक शामिल हैं।

## रूस के साथ जंग खत्म करने को तैयार यूक्रेनी राष्ट्रपति

**यूक्रेन।** हाल ही में अपने 1० लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कैदियों की रिहाई के बारे में शुक्रवार को जानकारी दी। इसी बीच उन्होंने बताया कि रूस के साथ जंग समाप्त करने के लिए वह एक बड़ी योजना तैयार कर रहे हैं। उनका मानना है कि उनकी योजना का दुनिया के अधिकांश देशों द्वारा समर्थन किया जाएगा।



यूक्रेनी राष्ट्रपति ने स्लोवेनियाई राष्ट्रपति नताशा पिर्क मुसर के साथ शक्रवार को कीव में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, श्हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम युद्ध को समाप्त करने के लिए एक ऐसी योजना पेश करें, जिसका दुनिया के अधिकतर देशों द्वारा समर्थन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यह कूटनीतिक मार्ग है, जिस पर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूक्रेन और रूस के बीच वर्तमान में कोई बातचीत नहीं चल रही है।एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सार्वजनिक बयानों के आधार पर, यूक्रेन और रूस के बीच वर्तमान में कोई बातचीत नहीं चल रही है और संभावित शांति समझौते की शर्तों के मामले में दोनों पक्ष पहले की तरह ही एक दूसरे से दूर दिखाई दे रहे हैं।

यूक्रेन ने बार-बार कहा है कि शांति वार्ता शुरू होने से पहले रूस को अपने सैनिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र से बाहर निकालना होगा, जिसमें क्रीमिया प्रायद्वीप भी शामिल है। इसपर मॉस्को ने 2०14 में कब्जा कर लिया था।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941